CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -80 | राजनांदगांव, सोमवार 05 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

**आवश्यकता है**

सेमसंग सर्विस सेंटर राजनांदगांव के लिए इंजीनियर व हेल्पर की।

हेल्पर को 4 हजार व इंजीनियर को 10 से 12 हजार के वेतन के साथ इन्सेंटिव भी।

-: संपर्क करें :-
7067901677, 9302879361, 9340129567

## उत्तराखंड कैबिनेट ने यूसीसी ड्राफ्ट के प्रस्ताव को दी मंजूरी, 6 फरवरी को विधानसभा में किया जाएगा पेश

नई दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में रविवार को कैबिनेट की बैठक हुई. बैठक में कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इस प्रस्ताव को 6 फरवरी को विधानसभा सत्र के दौरान पेश किया जाएगा. उत्तराखंड कैबिनेट की यह 24 घंटे में दूसरी बैठक थी. बैठक के दौरान ही यूसीसी ड्राफ्ट को कैबिनेट के सामने रखा गया. ड्राफ्टिंग कमेटी ने यूसीसी के ड्राफ्ट को 2 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा था.

इसे लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज एक एक्स पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, समय की मांग है समान नागरिक संहिता कानून और हम इसे लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आवास में बैठक हुई जिसमें यूसीसी को लेकर प्रजेंटेशन दिया गया, जिसके बाद इसे मंजूरी दी गई.



### पांच सदस्यीय समिति ने तैयार किया ड्राफ्ट

उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में सरकार द्वारा नियुक्त पांच-सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को 749 पृष्ठ की चार खंड वाली रिपोर्ट उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपी थी.

उत्तराखंड के लिए यूसीसी का मसौदा तैयार करने वाली समिति की प्रमुख सिफारिशों में बहुविवाह और बाल विवाह पूरी तरह से प्रतिबंध के साथ ही सभी धर्मों की लड़कियों के लिए विवाह योग्य समान आयु और तलाक के लिए समान आधार और प्रक्रियाएं शामिल होने की बात कही जा रही है.

### उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया

यूसीसी के संबंध में कानून पारित करने के लिए उत्तराखंड विधानसभा का चार-दिवसीय विशेष सत्र आहूत किया गया है. यह सत्र 5 से 8 फरवरी तक बुलाया गया है. सूत्रों के मुताबिक, आयोग ने सिफारिश की है कि लड़कों और लड़कियों को समान विरासत का अधिकार होगा, विवाह का पंजीकरण अनिवार्य किया जाएगा और लड़कियों के लिए विवाह योग्य आयु भी बढ़ाई जाएगी, जिससे वे शादी से पहले स्नातक तक की पढ़ाई कर सकें. सूत्रों ने कहा कि जिन जोड़ों की शादियां पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें किसी भी तरह की सरकारी सुविधा नहीं दी जाएगी. साथ ही ग्रामीण स्तर पर विवाह के पंजीकरण के लिए व्यवस्था की जाएगी. हालांकि, इस मसौदे को अभी तक आधिकारिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बजट सत्र में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को घेरेगी भाजपा, विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति, राजेश मूणत होंगे मुख्य सचेतक

रायपुर। भाजपा के विधायकों ने इस बजट सत्र में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। इसके लिए सभी विधायकों ने अलग-अलग योजनाओं को लेकर प्रश्न किया है। सूत्रों के अनुसार विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा सत्र में गोधन न्याय योजना पर कई सवाल पूछे जाएंगे। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के खिलाफ नगरीय प्रशासन से लेकर कृषि, ग्रामीण विकास, लोक निर्माण, जल संसाधन, खनिज विभाग, उद्योग, शिक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित ढेरों सवाल लगाए गए हैं। गोबर खरीदी-बिक्री से लेकर डीएमएफ फंड, स्वामी आत्मानंद स्कूल आदि के मुद्दों को उठाया जा सकता है।

भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक रखी गई। इसमें विधानसभा सत्र को लेकर चर्चा की गई। विधायक दल के मुख्य सचेतक विधायक राजेश मूणत और सचेतक लता उसेंडी व सुशांत सिंह को घोषित किया गया है। विधायकों को यह भी बताया गया राज्यपाल के भाषण पर क्या बोलना है, कैसे बोलना है। बजट सत्र में कैसे भाग लेना है । कैसे प्रश्न उठाना है। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने विधायकों को विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया।



शिव प्रकाश के साथ-साथ पार्टी के संगठन महामंत्री पवन ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पूर्व सरकार के काले कारनामों के आएंगे प्रश्न-बृजमोहन

मंत्री बृजमोहन ने कहा कि सत्र को लेकर हमारी पूरी तैयारी है क्योंकि अभी जो प्रश्न आएंगे, वह पूर्व सरकार के काले कारनामों के आएंगे। राहुल गांधी के आठ फरवरी को छत्तीसगढ़ प्रवास पर मंत्री ने कहा कि राहुल बजट अभिजीत काल में आ रहे हैं। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भाजपा से पहले ही घोषित करने के दावों पर बृजमोहन ने कहा कि जिस दिन कांग्रेस तय कर लेगी उसी दिन बताइएगा। विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने कहा था हम पहले प्रत्याशी घोषित कर देंगे, लेकिन वह पीछे रह गए। कांग्रेस में कुछ तय करना इतना आसान नहीं है।

## 'राज्य शासन में केंद्र के हस्तक्षेप से कमजोर हो रहा संघवाद का सिद्धांत', खडगे का मोदी सरकार पर हमला



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

त्रिशूर। बिहार और झारखंड में मची सियासी उठल-पुथल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य शासन में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने का प्रयास लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

### गरीब जनता और महिलाओं को कुचल रही सरकार

खडगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार न केवल राज्य सरकारों को परेशान कर रही है, बल्कि देश की गरीब जनता और महिलाओं को कुचल भी रही है। दरअसल, खडगे केरल के त्रिशूर जिले में केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं में पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी राजनीतिक कौशल की कमी है।

### देश के लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखना होगा

उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी। अपने देश के लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखना होगा और इसके लिए एकजुट होना जरूरी है। केरल में यूडीएफ गठबंधन के साथ कांग्रेस पार्टी इन हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त

उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों को परेशान कर रखा है। उनका जीवन यापन मुश्किल हो गया है। भाजपा शासन ने सार्वजनिक क्षेत्र को पूरी तरह से खत्म करने और केवल निजी क्षेत्र को समर्थन देने का फैसला किया है। देश में मौजूद बेरोजगारी और मुद्रास्फीति के संयोजन ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में गरीबों के संघर्ष को बदतर बना दिया है।

## विस सत्र से तय होगी प्रदेश के विकास की दिशा-डॉ. रमन

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज विधानसभा में पत्रकारवार्ता की। इस दौरान उन्होंने आगामी बजट सत्र को लेकर जानकारी दी, साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की बात कही।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र) दिनांक 5 फरवरी से 1 मार्च तक आहूत किया गया है। छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा का द्वितीय सत्र, नववर्ष 2024 का प्रथम विधानसभा सत्र है, यह सत्र कई मायनों में बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। प्रदेश की नई सरकार का बजट भी इस सत्र में प्रस्तुत होने जा रहा है और सरकार के बजट के अनुसार प्रदेश के विकास की दिशा तय होती है।

साथ ही केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को लेकर उन्होंने कहा कि हालही में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार का 47 लाख करोड़ रुपए से अधिक (47.66 लाख करोड़) का अंतरिम बजट आया है, इस बजट में अंत्योदय की भावना, विकसित भारत का संकल्प और नई सदी का आत्मनिर्भर भारत साफ़ दिखाई दे रहा है। विधानसभा में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने को लेकर उन्होंने कहा कि देश अब विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे में हमारा प्रयास है कि हमारा छत्तीसगढ़ विधानसभा भी नई तकनीकों और कुछ नई परंपराओं से जुड़कर एक विकसित विधानसभा के रूप में अपनी पहचान स्थापित करे। छत्तीसगढ़ विधानसभा में हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे कि सदन को पेपरलेस बनाया जाए, पेपरलेस होने से सदन के कामकाज में सहूलियत होगी, इससे कागज की भी बचत होगी और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता होगी।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकार वार्ता में दी बजट सत्र की जानकारी

उन्होंने बताया कि वर्तमान में आमजनों से विधानसभा से सीधे जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा की वेबसाइट और मोबाइल एप संचालित है जिनपर दैनिक कार्यसूची, प्रश्नोत्तरी, सभा की कार्यवाही, माननीय विधायकों एवं पूर्व विधायकों के पते, माननीय सदस्यों को प्रदाय की जा रही सुविधायें, सभा में उनकी उपस्थिति पत्रक एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएँ उपलब्ध करायी जाती हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बेरोजगारी की गारंटी हैं मोदी - प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेरोजगारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि वह चुनाव आते ही गारंटी की बात करने लगते हैं लेकिन सच यह है कि मोदी रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा, आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा, जुलाई, 2022 में सरकार ने संसद को जानकारी दी थी कि आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को। यानी लगभग 21.93 करोड़ योग्य युवा बेरोजगार रह गए।



सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा करने वाली भाजपा सरकार न पहले से मौजूद नौकरियां दे पाई, न ही नये रोजगार बना सकी। प्रधानमंत्री जी चुनावों में गारंटी देते हैं। असल में उनकी गारंटी - बेरोजगारी की ही गारंटी है।

## सरकार के विकास कार्य नहीं रुकेंगे भले ही मुझे जेल भेज दिया जाए - सीएम केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि लोगों के लिए उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्य नहीं रुकेंगे, भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए. केजरीवाल ने आरोप लगाया, मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए. सत्येन्द्र जैन को जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए. मुख्यमंत्री यहां उत्तर पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी गांव में दो सरकारी स्कूलों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे. केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय एजेंसियों को उनके (आप नेताओं के) पीछे लगा दिया गया है.



उन्होंने दावा किया, भले ही आप केजरीवाल को जेल में डाल दें, लेकिन स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक बनाने और दिल्ली के लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के (चल रहे) काम नहीं रुकेंगे. भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) चाहती है कि हम उनकी पार्टी से जुड़ें, लेकिन हम झुकेंगे नहीं. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को संसद में पेश किए गए अंतरिम केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केजरीवाल ने कहा कि इसमें स्कूलों और अस्पतालों के लिए कुल बजट का केवल चार प्रतिशत आवंटित किया गया है, जबकि दिल्ली सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर 40 प्रतिशत खर्च कर रही है. उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने हाल ही में केंद्रीय बजट पेश किया. वह स्वास्थ्य और शिक्षा पर कुल बजट का केवल चार प्रतिशत खर्च करेगी. हालांकि, दिल्ली सरकार पिछले आठ वर्षों से स्वास्थ्य और शिक्षा पर अपने कुल बजट का लगभग 40 प्रतिशत खर्च कर रही है. केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र ने 'आप' नेताओं को लोगों की भलाई के लिए काम करने से रोकने के लिए उनके पीछे सीबीआई और ईडी जैसी सभी एजेंसियों लगा दी है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आज झारखंड विधानसभा में शक्ति परीक्षण क्या बहुमत साबित कर सकेंगे चंपाई सोरेन?

नई दिल्ली। झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके गठबंधन में सहयोगी करीब 40 विधायक कल विधानसभा में होने वाले शक्ति परीक्षण में शामिल होने के लिए हैदराबाद से आज रांची लौट रहे हैं.



जेएमएम नेता चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद विधायकों को हैदराबाद के पास एक रिसॉर्ट में रखा गया था. पूर्व मुख्यमंत्री और जेएमएम के सह-संस्थापक शिबू सोरेन के बेटे हेमंत सोरेन कथित भ्रष्टाचार के मामले में जेल में हैं. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने विधायकों को प्रतिद्वंद्वी दलों द्वारा तोड़ने (पाला बदलवाने) के लिए संपर्क करने से रोकने के लिए रिसॉर्ट पॉलिटिक्स का रास्ता अपनाया. झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 41 है. सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत के इस न्यूनतम आंकड़े से पांच अधिक विधायक हैं. विधानसभा की 81 सीटों में से एक सीट खाली है, इसलिए 80 सीटों की गिनती करने पर बहुमत का आंकड़ा 41 है. विधानसभा में जेएमएम, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कुल 46 विधायक हैं. इनमें जेएमएम के 28, कांग्रेस के 16, आरजेडी का एक और सीपीआई का एक विधायक शामिल है.

### बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के पास कुल 29 विधायक हैं.

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जब तक कोई बड़ा उलटफेर नहीं होता, झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार फ्लोर टेस्ट में सफल हो जाएगी. यह पहली बार नहीं है जब जेएमएम को शक्ति परीक्षण का सामना करना पड़ रहा है. सितंबर 2022 में हेमंत सोरेन की सरकार ने फ्लोर टेस्ट में अपने पक्ष में 48 वोटों के साथ बहुमत साबित किया था. तब भी भ्रष्टाचार के आरोपों पर हेमंत सोरेन को विधानसभा से अयोग्य ठहराए जाने का खतरा था. मौजूदा मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अब बिहार के 16 कांग्रेस विधायक पहुंचे हैदराबाद, 12 को होना है फ्लोर टेस्ट

पटना। बिहार कांग्रेस के 16 विधायक हैदराबाद पहुंच गए हैं। सोमवार को 3 और विधायक वहां पहुंच जाएंगे। इससे पहले झारखंड के महागबंधन के विधायकों हैदराबाद पहुंचे थे। बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की तेलंगाना में नई-नई सरकार बनी है। बिहार के सभी विधायक यहां पर उन्हें बधाई देने आए हैं। हम सीएम से मिलेंगे।



बता दें कि बिहार में एनडीए के नेतृत्व में नई सरकार बनी है। 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में नई सरकार फ्लोर टेस्ट होना है। कांग्रेस को खरीद-फरोख्त का डर सताने लगा है। वह इन सबसे बचने के लिए कांग्रेस ने अपने विधायकों को हैदराबाद में शिफ्ट कर दिया है।

### हमें चाहिए जनता का समर्थन- डिप्टी सीएम

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह अच्छा है कि उन्हें हैदराबाद ले जाया गया है। विधायक दौरा करेंगे और नवाबों के शहर (हैदराबाद) को देखेंगे। हमारे पास 128 विधायक हैं, इसलिए हमें उनकी जरूरत नहीं है। हमें जनता का समर्थन चाहिए। जनता के बल पर 2020 में एनडीए की सरकार बनी थी।

### हमें नहीं पता विधायक कहां रुकेंगे- एमआर रेड्डी

इब्राहिमपट्टनम से विधायक एमआर रेड्डी ने कहा कि हमें नहीं पता कि वे कहां रुकेंगे। वह ताज होटल में या हैदराबाद में भी रुक सकते हैं। हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है। वे सभी यहां मुख्यमंत्री को बधाई देने आए हैं। बाकी हम आपको जल्द ही सूचित करेंगे।

### हैदराबाद नहीं गए कांग्रेस के एक विधायक

बिहार कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सौरव ने कहा कि मैं हैदराबाद नहीं गया, क्योंकि निर्वाचन क्षेत्र में बहुत सारे काम चल रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## हिमाचल से कश्मीर तक बर्फबारी से बढ़ी रौनक, कई राज्यों में दो दिन तक बारिश का अलर्ट! जनजीवन प्रभावित

नई दिल्ली। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान व बिहार के साथ ही हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर में कुछ इलाकों में रविवार को झमाझम तो कुछ में बूंदाबादी हुई। बारिश से तापमान नीचे आने से सर्दी तो बढ़ी, मगर इससे रबी की फसलों को फायदा हुआ। कुछ राज्यों में आगामी एक-दो दिनों में भी बारिश के आसार हैं। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हुआ है।



### पर्यटन स्थलों पर बढ़ी रौनक

पश्चिमी विक्षोभ के असर से मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला और कुछ जगह बूंदाबांदी हुई। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर में वर्षा व हिमपात ने लोगों की परेशानियां बढ़ाईं। हालांकि, पर्यटन स्थलों पर रौनक बढ़ी है। हिमाचल के कुछ जिलों में हिमपात, आंधी व ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में लालचौक समेत प्रमुख स्थलों पर बर्फ की चादर बिछ गई है। श्रीनगर हवाई अड्डे के रनवे पर बर्फ की परत जम जाने से सभी उड़ानों को रद करना पड़ा। मां वैष्णो देवी भवन व आधार शिविर कटड़ा में दिनभर हल्की बारिश होने से हेलीकाप्टर सेवा स्थगित रही।

### बर्फबारी के चलते कई मार्ग बंद

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में चार फीट बर्फबारी रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा, बदरीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, तुंगनाथ, औली, हेमकुंड साहिब, हर्षिल, मुनस्यारी समेत ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही थी। केदारनाथ में तापमान शून्य से 17 डिग्री नीचे तक बना हुआ है। गोपेश्वर-चोपता-ऊखीमठ हाईवे, बदरीनाथ हाईवे और औली मार्ग बर्फबारी के कारण बंद है। पिथौरागढ़ जिले के रातापानी से पातलथौड़ तक हिमपात होने से थल-मुनस्यारी मार्ग बंद हो गया है। यहां बड़ी संख्या में वाहन फंसे हैं।

पंजाब में कई जिलों में शनिवार देर रात को शुरू हुई वर्षा का सिलसिला रविवार को भी दिनभर जारी रहा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# धान खरीदी का सिमटाया बोरिया बिस्तर... लगभग 3 हजार किसान धान बेचने से रहे वंचित

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा धान खरीदी को लेकर बढ़ाई गई 4 दिन की अवधि रविवार को पूरी हो गई। रविवार सार्वजनिक अवकाश होने के बाद भी जिले में धान खरीदी की गई। इससे धान बेचने से वंचित किसान अपना धान बेच पाए वही भाजपा शासन द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किसानों का प्रति एकड़ एक क्विंटल धान अतिरिक्त खरीदने वादे के तहत भी जो पहले धान बेच चुके किसानों द्वारा बचे हुए एक क्विंटल अतिरिक्त धान भी बेच पाए। इससे किसानों का लाभ तो मिला ही साथ ही साथ ही बारिश-पानी मौसम की खराबी व छुट्टियों के चलते धान नहीं बेच पाए किसानों को शासन द्वारा खरीदी की तारीख को 4 दिन आगे बढ़ाए जाने से उन्हें राहत मिली। अब केन्द्रों में धान खरीदी करने वाले सहकारी समिति के कर्मचारियों द्वारा अपना बोरिया बिस्तर समेट लिया गया।

### लक्ष्य से अधिक खरीदी

बता दे कि गत एक नवम्बर से धान खरीदी की शुरूवात की गई थी। इसके चलते जिले के 123123 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें से धान खरीदी की अंतिम तारीख तक 228704 किसानों ने अपनी फसल बेच दी है। जिले में किसानों से 64 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य



रखा गया था लेकिन टारगेट से आगे बढ़ते हुए 70 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी कर ली गई है। लेकिन शासन द्वारा पूर्व में तय की गई धान खरीदी की अवधि 31 जनवरी से बढ़ाकर 4 फरवरी आगे कर दिए जाने के कारण विभिन्न कारणों से बचे हुए किसानों को अपनी फसल बेचने का मौका मिला इसके बाद भी कुछ हजार किसान फसल बेचने से वंचित रह गए है।

### जारी नहीं हो सका टोकन

बताते चले कि धान खरीदी की अवधि का रविवार 4 तारीख की आखिरी दिन था। इसके चलते कई किसान शनिवार को टोकन लेने के लिए केन्द्र पहुंचे थे। लेकिन साफ्टवेयर में रविवार से शुक्रवार तक ही टोकन जारी होता है। शनिवार को नहीं होता इसलिए टोकन लेने पहुंचे किसानों को टोकन जारी नहीं हो सका जिसके कारण इन्हें मायुस होना पड़ा। अतः जिन किसानों ने शनिवार के लिए टोकन लिया था उनसे सिर्फ चार उपार्जन केन्द्रों में खरीदी हुई।

जानबा हो कि जिले के अधिकांश समितियों में 31 जनवरी धान खरीदी पूरी हो चुकी थी। जिसमें डोंगरगढ़ ब्लाक के सीतागोटा, बागरेकसा, कनेरी, ठाकुरटोला, मड़ियान, चारभांठा, पदुमतरा, पनियाजोब आदि प्रमुख है। लेकिन किसान नेताओं सहकारी कर्मचारी संघ एवं किसानों की मांग के पश्चात शासन द्वारा 4 दिन आगे बढ़ाए जाने पर 4 फरवरी के दिन शाम तक धान खरीदी की गई और शाम के बाद खरीदी का बोरिया-बिस्तर समेट लिया गया।

### धान खरीदी पर एक नजर

जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक कुल 228704 किसानों से 13041880.40 क्विंटल धान खरीदा गया है। इसमें से 9782706.76 क्विंटल धान का परिवहन हो चुका है। सिर्फ राजनांदगांव जिले में धान खरीदी की अंतिम तारीख 4 जनवरी तक 123131 किसानों ने 7008293.60 क्विंटल धान बेचा जिसकी राशि 153433.82 लाख रूपए बताई जाती है। इसी तरह के सीजी जिले में 65280 किसानों ने 386170 क्विंटल धान बेचा। जिसकी राशि 84539.09 लाख रूपए है। वही परिवहन 2710814.48 क्विंटल का हुआ वही एमएमसी जिले में 40293 किसानों से 217188.80 क्विंटल खरीदी गई। वही परिवहन 1289745.76 का हुआ है। बताया जाता है कि 15 फरवरी तक उठाव के निर्देश दिए गए है।

# लर्निंग लायसेंस शिविर के दूसरे दिन 270 लोगों को लायसेंस जारी

## 43 बसों की मेकेनिकल चेकिंग, 3 बसों में पाई गई खामियां



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों शहर सहित पूरे जिले भर में जारी यातायात सुरक्षा माह के चलते यातयात रथ जन-जागरूकता अभियान जारी है।

बता दें कि 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के इक्कीसवें दिन पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में अति.क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विरेन्द्र सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक, डॉ. भानुप्रिया, नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. एन.सी. देशमुख, नेत्र सहायक अधिकारी, डॉ. चन्द्रकांत उर्वशा, मेडिकल ऑफिसर, जिला चिकित्सालय राज.,परिवहन विभाग के निरी. डोमेन्द्र सिंह चुरेन्द्र एवं अन्य स्टाफ, यातायात विभाग के निरी. नवरतन कश्यप एवं अन्य स्टाफ, अग्निशमन कार्यालय स्टॉफ नायक विमल दास वैष्णव फायरमेन पुमेश कुमार सोरी, राजेश कुमार सिन्हा, चालक दिनेश कुमार सोनकर की उपस्थिति में उक्त अभियान जारी है। इस अभियान के तहत जिले के नीरज बाजपयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी, नीरज पैरेन्ट्स पाईड स्कूल बल्देव बाग, नीरज पब्लिक स्कूल पेण्ड्री, दिल्ली पब्लिक स्कूल, एरोज जॉन्सन स्कूल तुमड़ीबोड़, युगान्तर स्कूल, गुरूनानक स्कूल, नीरज विद्या मंदिर स्कूल मोहड़ डोंगरगांव, श्रीराम कॉलेज राज0 के कुल 43 बसों/वेन का मेकेनिकल चेकिंग किया गया। जिसमें 40 बस/वेन सही पाया गया। वहीं 3 बसें जिनमें गुरूनानक स्कूल के 2 एवं नीरज बाजपयी शिक्षण समिति का 1 बस में खामियॉ पायी गयी जिसे जल्द से जल्द ठीक करने समझाईश दी गई। साथ ही सभी बस ड्रायवर का मेडिकल विभाग द्वारा मेडिकल चेकअप किया गया एवं फायर विभाग के टीम के द्वारा बस ड्रायवरों एवं कंडक्टरों को वाहनों के सुरक्षा के मद्देनजर वाहनें में लगे अग्नि शामक यंत्र का डेमो करके दिखाया गया एवं उसके उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही लर्निंग लायसेंस शिविर के द्वितीय चरण के दूसरे दिन 270 लोगों का लर्निंग लायसेंस जारी किया। लर्निंग लायसेंस शिविर आज 5 फरवरी को भी जारी रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा बिना लायसेंसधारी लोगों से अपील की गई है कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठावें। साथ ही आवश्यक दस्तावेज 10वी या 08 वी मार्कशीट या पेन कार्ड, लोकल आईडी प्रुफ-आधार कार्ड या राशन कार्ड, 01 पासपोर्ट साईज फोटो लेकर आना आवश्यक है।

बताया गया कि जन-जागरूकता अभियान के तहत यातायात रथ के माध्यम से आरक्षक सोमेश सिंह द्वारा शहर एवं आसपास ग्राम रेवाडीह, पेण्ड्री, बरगा, धनगांव, सुकुलदैहान, लिटिया, नवागांव, मोतीपुर, पारीकला, कन्हारपुरी, भर्रेगांव, मोखला, आरला, सुरगी, मलपुरी, ढोढ़िया, हल्दी, सिंगदई, मोहारा, नंदई चौक, इंदिरा नगर, भ्रमण कर सड़क सुरक्षा संबंधी संगीत, अलाउंस एवं पाम्पलेट वितरण कर आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने अपील की गयी।

## पहला कॉलम...

# धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार हुए पूर्व पार्षद धीरज को मिली जमानत



**स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगाने के एवज में ली थी मोटी रकम**

राजनांदगांव (दावा)। दो सगे भाइयों को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगाने के एवज में मोटी रकम डकारने की शिकायत पर नगर के पूर्व पार्षद धीरज घोड़ेसवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जिसे अदालत में पेश किए जाने उपरांत जमानत मिल गई है। बता दे कि कांकेर के चारामा थाने के पीड़ित भाइयों की शिकायत पर बुधवार 31 जनवरी की देर शाम धीरज को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसे कांकेर के कोर्ट में पेश किए जाने उपरांत उसे जमानत मिल गयी है। बताया जाता है कि चारामा क्षेत्र के रहने वाले दो युवकों से शहर के पूर्व पार्षद धीरज घोड़ेसवार द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर 70 हजार रूपए लिया गया था। उन युवकों को धीरज घोड़ेसवार काफी दिनों तक जल्द नौकरी दिलाने का झांसा दे रहा था व उनसे बचने का प्रयास कर रहा था। अंत में पीड़ित युवकों द्वारा पुलिस की शरण लिए जाने उपरांत धीरज के खिलाफ 420 का मामला दर्ज किया गया था। इसके चलते कांकेर पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी की गई थी। न्यायालय में पेश किए जाने उपरांत उसे जमानत मिल गई है। बता दे कि धीरज के खिलाफ पहले भी मामले सामने आए थे। उस पर बिजली चोरी का भी मामला पंजीबद्ध हुआ था। उसकी एक कारगुजारी पर विधानसभा में सवाल उठे थे। फिलहाल वह दो भाईयों को नौकरी लगाने के नाम पर मोटी रकम डकार लिए जाने के मामले में गिरफ्तार होकर वह जमानत पर बाहर है।

# ट्रांसपोर्ट नगर में जुआ खेल रहे 7 जुआरी गिरफ्तार

**जुआरियों से 23 हजार रूपये नगद बावनपत्ती के साथ जप्त**

राजनादगांव (दावा)। आज दिनांक 04 फरवरी के शाम थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना लालबाग ने ट्रांसपोर्ट नगर में जुआं खेल रहे 7 जुआरियों जसपाल सिंह पिता स्वर्गीय स्वर्ण सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी वैशाली नगर वैशाली नगर वार्ड नंबर 39 कौरीन भाटा राजनांदगांव, हर्षमंदर सिंह पिता स्व. सुरजीत सिंह उम्र 35 वर्ष वार्ड नंबर 45 बसंतपुर, जितेंद्र सिंह पिता स्व. हरभजन सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी कमला कॉलेज एचआईजी-56 राजनांदगांव, मनोज साहू पिता धनुषराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी शंकरपुर वार्ड नंबर 10 राजनांदगांव, अनवर हुसैन पिता मो. रमजान उम्र 35 वर्ष निवासी कुंआ चौक नंदई राजनांदगांव, गुरप्रीत सिंह कंडा पिता स्व. लखविंदर सिंह उम्र 44 वर्ष स्टेशन पारा वार्ड नंबर 12 राजनांदगांव, राजू साहू पिता स्व. गंगाराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 42 राजनांदगांव को रेड कार्यवाही कर पकड़ा, जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, 23000 रूपये नगद जप्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक हृदय पटेल, प्रधान आरक्षक किशोर यादव, हाम सिंह उर्वशा आरक्षक राकेश ध्रुव, रवि वर्मा, संतोष श्रीवास्तव की प्रमुख भूमिका रही।

# महतारी का वंदन निकला चुनावी प्रलोभन, मोदी की गारंटी फिर हुई फेल-पार्षद दल प्रवक्ता



**नीति-नियत साफ नही मिल पायेगा सबको लाभ, योजना के मापदंड के पेच में मातृशक्ति को फंसाने का जाल बुना गया-ऋषि शास्त्री**

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के कांग्रेस पार्षद दल प्रवक्ता एवं राजीव नगर के पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा मोदी की गरंटी शीर्षक घोषणा पत्र जारी किया था जिसमें चुनाव जीतने उपरांत मातृशक्तियों को प्रति माह महतारी वंदन योजना के जरिये 1000 रुपये मात्र देने का वादा किया था जबकि चुनाव के दौरान प्रदेश के कई क्षेत्रों में अज्ञात लोगों के द्वारा महिलाओं को फार्म भी बांटा गया था।

प्रदेश में भाजपा की सरकार को सत्ता में आये लगभग 2 माह पूरे हो चुका है परंतु अब तक मोदी की गारंटी नामक घोषणा पत्र के सभी वादे अधूरे है भाजपा ने मोदी की गांरटी के एक भी वादे पूरा नही किया है। लोकसभा चुनाव ठीक पहले कैबिनेट की बैठक में महतारी वंदन योजना लागू करने के निर्देश दिए गए जिसमें 5 फरवरी से फार्म भराये जाने एवं 1 मार्च को योजना लागू करने के सबंध में गाइडलाइन जारी हुई है जिसमें मापदंड और दस्तावेजों का बोझ महिलाओं पर डाल दिया गया है। इससे प्रदेश की लाखों महिलाओं को योजना का लाभ नही मिल पायेगा फलतः योजना से वंचित महतारी का वंदन कैसे संभव हो सकेगा? साफ तौर से यह भी कहा जा सकता है कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है, मोदी की गारंटी मात्र घोषणा पत्र जारी कर चुनाव में लाभ लेने का एजेंडा तो नही क्योंकि इसका वास्तविकता से दूर-दूर तक कोई संबंध नजर नही आ रहा? भाजपा ने इस योजना के जरिये महतारी के वंदन में भी पात्रता का जाल बुनने का प्रयास किया है जबकि प्रदेश की सारी मातृशक्ति वंदन के पात्र है, प्रदेश की प्रत्येक नारीशक्ति को उक्त योजना का लाभ मिलना चाहिए और चुनावी घोषणा अनुरूप सभी के खाते में प्रतिमाह राशि डालने का प्रावधान लाना होगा स्पष्टतौर से प्रदेश की प्रत्येक महिला जिन्होंने अपना मताधिकार का प्रयोग किया है उन सबको इस योजना का लाभ देना होगा।

# मानिकचंद जी बाफना का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय स्टेट बैंक कॉलोनी निवासी श्री मानिकचंद बाफना आत्मज स्वर्गीय श्री ताराचंद बाफना का स्वर्गवास 4 फरवरी रात्रि 9.30 बजे हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 फरवरी सोमवार को सुबह 10.30 बजे स्टेट बैंक कॉलोनी मकान नंबर 7 से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनीष मधुर बाफना के पिता, इंदरचंद, राजेंद्र, सुरेंद्र, प्रसन्न के भाई तथा दर्शन, राजकुमार, दिलीप, विकास, राजीव एवं सिद्धांत बाफना के चाचा थे।

# ऋषि शास्त्री अपनी सलाह महापौर और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को क्यों नहीं दी - शरद सिन्हा



**भाजपा पार्षद शरद सिन्हा की कांग्रेस पार्षद दल प्रवक्ता को खरी-खरी**

राजनांदगांव (दावा)। रानी सूर्यमुखी देवी वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद शरद सिन्हा ने कांग्रेस पार्षद दल प्रवक्ता ऋषि शास्त्री के बयान पर जबरदस्त पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सांसद प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ पार्षद वरिष्ठ पार्षद देवशरण सेन के वार्ड में रहने वाले नव सीखिए कांग्रेसी पार्षद ऋषि शास्त्री के द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार को सीख देना हास्यास्पद लगता है। श्री शास्त्री द्वारा यह कहा जाना की वर्तमान में भाजपा की नई सरकार आते ही विभागों में जो फेरबदल का कार्य चालू हुआ है। उसमें जनसमस्या ना बढ़े, इसका भी ख्याल रखना होगा।

ऐसे कई मामलों पर प्रदेश की मौजूदा सरकार को सीख देते हुए दुर्भावना का आरोप लगाना शोभा नहीं देता। सरकार को लेकर शास्त्री की इस तरह की बयानबाजी सूरज को दीपक दिखाने की समान है। डबल इंजन की सरकार को अच्छी तरह पता है कि उन्हें क्या करना है एक पार्षद होकर सरकार को क्या करना है और क्या नहीं करना है इसकी सिख देकर शास्त्री जी कांग्रेस के साथी पार्षद अपनी हसी ना उड़वाये। अच्छा यही होता कि वह वह राजनांदगांव नगर निगम में राजनांदगांव नगर निगम में जहां कांग्रेस की सत्ता है अपने महापौर को यह बताएं की कहां-कहां पर सफाई नहीं हो रही है कहां नाली साफ नहीं हो रही है, कहां सड़क साफ नहीं हो रही है, कहां सड़क खराब है, कहां दिन में स्टील लाइट जल रही है और पूरे शहर में मवेशी से लोग कितने परेशान हैं यह सब बताते तो बात समझ में आती।

श्री सिन्हा ने आगे कहा कि छोटे भाई के रूप में शास्त्री जी अपनी सीमा ना लांघे। उन्होंने प्रश्न किया कि जनसमस्याओं को लेकर पूर्ववर्ती और कांग्रेस सरकार और उनके मुख्यमंत्री को यही सीख देने में क्यों डर लग रहा लग रहा था।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न



राजनांदगांव(दावा)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने कहा कि आज जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की कार्यसमिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यसमिति की बैठक में विगत विधानसभा चुनावों में किये गए मोर्चा के कार्यो की समीक्षा, कठिनाईयों का सामना किस तरह से किया जाए और प्रदेश द्वारा दिये गए कार्यो का मूल्यांकन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता द्वारा जिलाध्यक्ष के कार्यो को देख प्रदेश नेतृत्व ने संतुष्टि जाहिर कर लोकसभा के लिए कमर कसने की बात कही।

श्री रामटेके ने आगे कहा कि आगामी पखवाड़े में अनुसूचित जाति वर्ग के बस्तियों में संपर्क हेतु टोली निर्माण,आदिमजाति के हॉस्टलों में छात्रों से मुलाकात,महतारी वंदन योजना के क्रियवयन, किसानों के हित में किये गए कार्यो सहित बहुत से राज्य सरकार और केंद्र सरकार की उपलब्धीयो को आम जनता तक पहुचाने की बात की गई। जिसमें मुख्य वक्ता अश्वनी कुमार बारले, आशीष डोंगरे प्रदेश मंत्री, शिव वर्मा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, मलिखम कोसरे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पार्थ गेण्डरे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, रविन्द्र रामटेके जिला अध्यक्ष, संजय रात्रे जिला महामंत्री, श्रीमती अनिता इंदुरकर जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती संगीता तामस्कर जिला उपाध्यक्ष, मुरली गेडाम जिला उपाध्यक्ष, भुखन गायकवाड़ जिला उपाध्यक्ष, रतन कोसे जिला मंत्री, योगेश बंजारे जिला मंत्री, सुश्री रानू मेश्राम जिला मंत्री, विनोद बारले जिला मंत्री, देशफिंरता कौशिक अध्यक्ष घुमका मंडल, जनक लाऊत्रे अध्यक्ष ग्रामीण मंडल राजनांदगांव, सदाराम तामस्कर उपाध्यक्ष, मनीष कोसरे जिला सोशल मीडिया प्रभारी, दीपम बघेल, गुलाब चंदेल, लखन देशलहरे, श्रीमती किरण मेश्राम, दीपक जोशी, रामदास कोसरे, जेठू गेंडे आदि लोग उपस्थित थे।

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
साऊथ की रोमांस, एक्शन से भरपूर सुपर हिट हिन्दी भाषा में
सालार
कलाकार - प्रभास, श्रुति हासन, पृथ्वीराज कुमारन, टिनू आनंद जगपती बाबू, श्रिया रेड्डी आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
02nd Feb to 08th Feb 2024




Fighter - 12:30, 03:30 06:30 and 09:30 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# छत्तीसगढ़ी भी आठवीं अनुसूची में शामिल हो सकती है

## भोजपुरी विमर्श में डॉ. राय ने जताई संभावना

राजनांदगांव (दावा)। भोजपुरी के आभासी पटल 'रसबुनिया' पर भोजपुरी गीतों में अश्लीलता के सवाल पर भोजपुरी विद्वानों ने गंभीर चर्चा की। इसमें राजनांदगांव के साहित्यकार डॉ शंकर मुनि राय ने कहा कि भारत की क्षेत्रीय भाषाओं में छत्तीसगढ़ी के प्रति यहां की जो सरकारी नीति है, उसे देखते हुए संभावना व्यक्त की जा रही है कि इसे संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया जा सकता है। आपने स्पष्ट किया कि किसी भी भाषा के सम्मान के लिए वहां के सरकारी तंत्र का सहयोग जरूरी है।



छत्तीसगढ़ को राज्य का दर्जा मिलने के सातवें साल में ही इसे राजभाषा का दर्जा प्राप्त हो गया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि यहां के लोगों में अपनी भाषा और संस्कृति को लेकर समर्पण भावना है। इसकी तुलना में भोजपुरी का प्रचार-प्रसार ज्यादा होने के बावजूद भी उसे किसी प्रादेशिक सरकार ने सरकारी मान्यता नहीं दी है। यह भाषाई विमर्श विगत तीन फरवरी को एक आभाषी पटल 'रसबुनिया' पर आयोजित था। इसके संयोजक राजेश ओझा (बनारस) ने पहले बताया कि भोजपुरी गीतों में अश्लीलता को लेकर बहुत लोग चिंता व्यक्त कर रहे हैं, जबकि ऐसी अश्लीलता दूसरी भाषाओं में भी है। सवाल यह है कि यह चिंता सिर्फ इसी भाषा को लेकर क्यों हो रही है। इसी संदर्भ में डाक्टर राय ने छत्तीसगढ़ी भाषा की स्थिति का जिक्र करते हुए उसकी संभावना पर अपने विचार प्रकट किए।

इस चर्चा में दिल्ली से डॉ संतोष पटेल, गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) से डॉ रामनारायण तिवारी और छत्तीसगढ़ से वरिष्ठ साहित्यकार डॉ शंकर मुनि राय विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित थे। चर्चा के प्रारंभ में डॉ संतोष पटेल ने कहा कि भोजपुरी की तरह ही दूसरी भाषाओं में भी अमर्यादित गीतों की भरमार है। लेकिन उसकी चर्चा कहीं नहीं होती। भोजपुरी गीतों को अश्लील बताने के पीछे राजनीतिक षड्यंत्र है। इसको लेकर बहुत चिंता करने की जरूरत नहीं है। हिंदी सिनेमा में अनेक ऐसे गीत हैं, जिन्हें अमर्यादित कहा जा सकता है। लेकिन उन्हें आदर के साथ सुना जाता है। डॉ रामनारायण तिवारी ने विषय पर बोलते हुए कहा कि भोजपुरी की मूल प्रकृति लोकपरक है, जहां अश्लीलता का भी एक संस्कार है। इसके लोकगीतों में परोक्ष रूप से गरियाने की संस्कृति है। इस संबंध में आपने भोजपुरी के लोकगीतों का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। आपका मानना था कि लोग अधकचरे ज्ञान के चलते भोजपुरी को अश्लील भाषा की संज्ञा दे रहे हैं। किसी भी भाषा की समीक्षा करते समय उसकी सांस्कृतिक चेतना का भी ख्याल रखना जरूरी होता है।

डॉ. शंकर मुनि राय ने भोजपुरी की वर्तमान स्थिति पर बोलते हुए कहा कि भोजपुरी में अश्लीलता का विमर्श साबित कर रहा है कि भोजपुरी आगे बढ़ रही है। भारत की सभी क्षेत्रीय भाषाओं की तुलना में भोजपुरी का वैश्विक विस्तार ज्यादा है, इसलिए इसको लेकर बहुत लोग चिंतित हैं। भोजपुरी का लोकसाहित्य दूसरी भाषाओं की तुलना में ज्यादा प्रभावशाली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपत्तियां उसी पर आती हैं जो आगे बढ़ता है। डॉ. राय ने यह भी स्पष्ट किया कि भोजपुरी में अश्लीलता का सवाल सिर्फ कैसेट गीतों तक ही सीमित है। यह बाजारु साहित्य है। यह टिकाऊ नहीं है। गायकों की बेरोजगारी उन्हें अपनी कला बेचने पर मजबूर कर रही है।

# यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालों से 15400 रुपये संमन शुल्क वसूल

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में जारी वाहनों के सघन चेकिंग अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जारही है वहीं वाहनों कि मेकेनिकल चेकिंग भी किया जा रहा है। इस संबंध पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघन वाहन चेकिंग चलाने, दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने, शराब, मादक पदार्थो व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करें और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। जिसके तहत् जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा 3 जनवरी को रात्रि 08 से 12 बजे तक एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वाले कुल 46 प्रकरण में 15400 रूपये संमन शुल्क वसूल कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

## //आम सूचना//

आपको सूचित किया जाता है, कि न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के ज्ञापन क्र./क्यू/प्रवा. तह./2024 राजनांदगांव दिनांक 01/01/2024 के आदेशानुसार एवं आवेदक देवेश डेकाटे आ. स्व. सोमनाथ डेकाटे, निवासी लेबर कॉलोनी के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार ग्राम रेवाडीह प. ह. नं. 37 रा. नि. मं. कौरिनभाठा स्थित भूमि खसरा नंबर 384/7 रकबा 0.405 हे. भूमि का नक्शा, नक्शा बटांकन दिनांक 05/02/2024 को किया जाना है। अतः आप उक्त तिथि को सुबह 12 बजे मौके में उपस्थित रहे।

1) देवेश डेकाटे आ. स्व. सोमनाथ डेकाटे
2) लक्ष्मण राव आ. दामु डेकाटे
3) अमरदास आ. चैनसिंग व अन्य हिस्से
4) सुन्हेर सिंग आ. मेहत्तर

पटवारी
प. ह. नं. - 37
रा. नि. मं. - कौरिनभाठा
तह. व जिला -राजनांदगांव (छग)

# प्रताड़ना से तंग आकर फांसी पर झूलने वाले किसान के परिवार को एक माह बाद भी नहीं मिला न्याय

- सुसाइडल नोट में प्रताड़ित करने वाले का नाम होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं
- पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूर्व विधायक छन्नी साहू भी उतरेगी सड़क पर
- 8 फरवरी को जिला मुख्यालय में होगा धरना प्रदर्शन

छुरिया (दावा)। फोटो । प्रताडना से तंग आकर एक महिने पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले डोंगरगांव थानाक्षेत्र के ग्राम खुर्सीटिकुल के किसान लक्ष्मण साहू के मामले में अब तक पुलिस प्रषासन ने आरोपियो के खिलाफ न तो जुर्म पंजीबद्ध किया है और न ही किसी तरह की कोई कार्रवाई की है। जबकि किसान द्वारा मृत्यु से पूर्व छोडे गए सुसाइडल नोट में प्रताडना का उल्लेख करते हुए पत्र में प्रताडित करने वाले वयक्ति के नाम का स्पस्ट उल्लेख किया गया था। पुलिस प्रषासन की कार्यषैली से क्षुब्ध एवं आक्रोषित मृतक की पत्नि ने प्रषासन को कार्रवाई के लिए एक माह का अल्टीमेंटम दिया है। अन्यथा परिवार सहित जिला मुख्यालय में जिला कार्यालय के समक्ष परिवार सहित षासन व प्रषासन के विरोध में सडक में उतरने की चेतावनी दी है।

डोंगरगांव थानाक्षेत्र के ग्राम खुर्सीटिकुल निवासी श्रीमती हेमीनबाई साहू ने राजनांदगांव कलेक्टर व एसपी को दिए गए 30 जनवरी को अपने ज्ञापन में बताया है कि उसके पति लक्षमण साहू पिता पठारीलाल साहू ने 5 जनवरी को ग्राम खुर्सीटिकुल में गौठान के समीप एक बबूल वृक्ष में प्रताडना सें तंग आकर फासी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक की पत्नि ने कलेक्टर व एसपी को संबोधित पत्र में उल्लेख किया है की उसके पति ने मृत्यु से पूर्व अपने पास एक सुसाइडल नोट छोडा है जिसमे प्रताडना के कारणो के साथ प्रताडित करने वाले आरोपी के नाम का भी स्पस्ट उल्लेख किया है। लेकिन घटना के एक माह गुजर जाने के बाद भी आरोपी के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नही की गई है। जिससे नाराज मृतक के परिजनो ने आरोप लगाया की जिला पुलिस प्रषासन मामले की निश्पक्ष जांच नही कर रही है जिसके कारण अब तक आरोपी खुले आम घुम रहे है। और उसके पति के मृत्यु के बाद उनके पुरे परिवार को दर बदर की ठोकरे खाना पड रहा है। मृतिका की पत्नि ने चेतावनी दी है की एक सप्ताह में कार्रवाई नही हुई तो वे षासन प्रषासन के विरोध में जिला मुख्यालय में परिवार सहित धरना प्रदर्शन करेगी।

### 8 फरवरी को होगा जिला मुख्यालय में प्रदर्शन

प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने वाले किसान लक्ष्मण साहू का परिवार जिला मुख्यालय राजनांदगांव में 8 फरवरी को सडक में आकर शासन-प्रशासन के विरोध में धरना प्रदर्शन करेगा। मृतक की पत्नि ने बताया की धरना प्रदर्शन में वह अपने बच्चो व परिवार के पुरे सदस्यो के साथ मैदान में आएगी। पीड़िता हेमीन बाई साहू ने बताया की खुज्जी के पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू उनको न्याय दिलाने के लिए उनके साथ धरना प्रदर्शन में शामिल होंगी।

### पूर्व विधायक छन्नी भी उतरेगी सड़क में

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने खुर्सीटिकुल के किसान लक्ष्मण साहू के आत्महत्या के मामले में अब तक निष्पक्ष जांच एवं आरोपियों के खिलाफ कार्रवई नही किए जाने से कड़ी नाराजगी जाहिर की है। विधायक श्रीमती साहू ने आरोप लगाया कि शासन के दबाव में जिला प्रशासन चेहरा देखकर काम कर रही है। उन्होंने कहा की सुसाइडल नोट में नाम आने के बाद भी कार्रवाई नहीं होना घोर आश्चर्य एवं शर्म की बात है। पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने शासन-प्रशासन से मृतक के परिजनों के लिए मुआवजा के रूप में भरण पोशण के लिए 25 लाख राशि की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है की यदि तीन दिवस के अंदर आरोपियों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरेगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए स्वंय उनके साथ जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्षन करेगी।

# शर्तों का बंधन अन्याय : धोखा का पर्याय योजना महतारी वंदन - कुसुम दुबे



राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव एवं अधिवक्ता कुसुम दुबे ने राज्य की भाजपा सरकार पर महतारी वंदन योजना में छ.ग. की महतारी शक्तियों के साथ छल का आरोप लगाते हुए कही कि योजना हेतु जारी शर्तो से भाजपा की कथनी और करनी में अंतर फिर प्रमाणित हुई है।

प्रदेश सचिव श्रीमती कुसुम दुबे ने बताई कि विधानसभा मतदान के पहले महतारी वंदन योजना में हर विवाहित महिला को लाभ देने के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें कर राज्य की 58 लाख से अधिक महिलाओं से इस योजना के फार्म भरवाने की दावा करने वाली भाजपा को जनता ने जनादेश दिया लेकिन भाजपा अपने वादे से मुकर गई है और योजनाओं का लाभ कम से कम महिलाओं को मिले इसकी ताना-बाना बुनते हुए साजिश पूर्ण नियम शर्ते लागू कर दिए है। भारतीय कानून में कन्या विवाह की आयु 18 वर्ष निश्चित है तो 18 से 21 वर्ष की आयु की नवविवाहिताओं को अपात्र करना मातृत्व के प्रथम चरण के साथ घोर अन्याय कारक है। विवाह प्रमाण पत्र की अनिवार्यता भी महिलाओं को परेशानी देने वाला है क्योंकि आज भी छ.ग. के अधिकांश लोग विवाह प्रमाण पत्र नहीं बनवाते हैं जब आधार कार्ड और मतदाता सूची में बतौर पति नाम दर्ज हैं तो ऐसी स्थिति में यह अनिवार्यता भी स्वतः समाप्त होनी चाहिए कुल मिलाकर भाजपा सरकार राज्य की महिलाओं को पात्र अपात्र की शर्तो के बंधन में बांधते महतारी वंदन योजना लागू करने की साजिशपूर्ण नौटंकी कर महतारियों के साथ क्रूर अन्याय कर दी है। अतः राज्य सरकार आयु बंधन व अव्यवहारिक शर्त हटा कर हर विवाहित महिलाओं को लाभ देकर सही में महतारियों का वंदन करे।

# अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं - राजेश श्यामकर



भगवान बुद्ध के संदेश को आज के संदर्भ में और ज्यादा प्रासंगिक बताया

राजनांदगांव(दावा)। प्रखर बौद्ध अनुयाई एवं जिला पंचायत के जुझारू सदस्य राजेश श्यामकर ने जारी एक बयान में कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश आज के दौर में और ज्यादा प्रासंगिक हो गया है। श्री श्यामकर ने कहा कि बौद्ध धर्म का मुख्य संदेश है कि बुद्धम शरणम गच्छामि अर्थात बुद्ध की शरण में जाए जहां शांति मिलती है। लेकिन आज दुनिया युद्ध की शरण में जा रही है और परमाणु युद्ध का खतरा दुनिया को विनाश की ओर बड़ी तेजी से ले जा रही है ऐसे समय में व्यक्ति समाज राष्ट्र और दुनिया को यह संदेश पहुंचाये कि वे युद्ध के मुहाने से लौट कर भगवान बुद्ध की शरण में आए। निरस्तीकरण और विश्व बंधुत्व की भावना को सशक्त करें। जन जन में इस नेक विचार को पहुंचाएं। इससे व्यक्ति समाज और राष्ट्र सहित समूचा संसार शांति के साथ विकास और खुशहाली में जिएगा। यदि बुद्ध के संदेश को नकार दिया जाता है तो विश्व विनाश तय है यह कहते हुए श्री श्यामकर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी राजनांदगांव जिले के सर्व धर्म समभाव की नगरी डोंगरगढ़ में 31 व अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन आयोजित है जो इन्हीं विचारों को संपोषित करता है जिसमें विश्व के अनेक धर्म गुरु पधार रहे हैं। डोंगरगढ़ शहर के प्रज्ञागिरी तीर्थ में 6 फरवरी को 31वां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध धम्म सम्मेलन का आयोजन प्रज्ञागिरी के संरक्षक एवं पूज्य भदंत धम्म सेनानायक आर्य नागार्जुन सुरई ससाई भंते जी के मार्गदर्शन एवं प्रज्ञा गिरी ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में किया जाना है। जिसमें देश-विदेश के बड़ी संख्या में धर्मगुरु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जापान के धम्म गुरु रेयुकेई सेयकी, केइवा नागासाकी, मीका नागासाकी, मासायो टोकुरा, मुत्सुकों तोयामा, चिनात्सु करिगाने, मिकी इनोकी, शोहई इनोकी, गेनशिरो सेईकी सहित थाईलैंड के धम्म गुरु अनुसिनधाडेट, दुसिट, नूनथावार, विचाई फोनोक, यू थाना सहित अन्य धम्म गुरु उपस्थित रहेंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में धम्म गुरुओं के उद्बोधन सुनने आते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। उन्होंने लोगों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# बेरोजगारी भत्ता छीन लिए, किसान न्याय योजना की चौथी किस्त हड़प लिए और अब राजीव युवा मितान क्लब बंद- पिंटू



राजनांदगांव(दावा)। राजीव गांधी युवा मितान क्लब योजना बंद करने के भाजपा नेताओं के बयान पर पलटवार करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा है कि पूर्वाग्रह से ग्रसित भाजपा के नेताओं का यह युवा विरोधी चरित्र है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का छत्तीसगढ़ के युवाओं की ऊर्जा को दिशा देने और रचनात्मक प्रयोग का यह क्रांतिकारी कार्यक्रम है। पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, साफ सफाई, नशाबंदी अभियान, खेल, संस्कृति, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जैसे सामाजिक, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों के प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण भूमिका राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं की रही है। जन सरोकार और युवाओं के हित में संचालित इस महत्वपूर्ण योजना को दुर्भावना पूर्वक बंद किया जा रहा। योजना में यदि कुछ खामी है, तो उसे बेहतर करने का विकल्प उनके पास है, लेकिन सीधे तौर पर योजना को ही बंद करना बेहद निंदनीय है।

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र मूलतः युवा विरोधी है। पूर्ववर्ती सरकार ने बेरोजगारी भत्ते का बजट प्रावधान 31 मार्च 2024 तक के लिए पहले ही सुनिश्चित कर दिया था, लेकिन दुर्भावना पूर्वक बेरोजगारी भत्ता की राशि भी नवंबर माह से छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को मिलना बंद हो गया है। इसी तरह किसान न्याय योजना की चौथी किसका बजट प्रावधान भी पूर्ववर्ती सरकार ने किया है, लेकिन साय सरकार की नियत किसानों को किसान न्याय योजना की चौथी किस्त देने की नहीं लग रही है।

जिला कांग्रेस कमेटी क महामंत्री कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा है कि विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार अपनी योजनाएं तो लागू नहीं कर पा रही है, महतारी वंदन योजना अब तक केवल कागजों में है, चुनावी जुमलें में सभी विवाहितों को देने का वादा था, अब 21 से 60 वर्ष के विवाहितों का क्राइटेरिया, 3100 धान का समर्थन मूल्य एक मुश्त देने का वादा भी केवल वादे तक सीमित है। भाजपाई बताये कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं को बंद करके भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की जनता से आखिर किस बात का बदला ले रही है?

श्री पिंटू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के युवाओं की प्रतिभाओं को तरासने और उन्हें संगठित करते हुए उपयुक्त मंच प्रदान करने प्रदेश में 13 हजार से अधिक राजीव युवा मितान क्लब संचालित हैं, जिनका पंजीयन सोसाइटी एक्ट के तहत किया गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए 31 मार्च 2024 तक के फंड की व्यवस्था पूर्ववर्ती सरकार के बजट प्रावधान में है। फंड की ऑडिट और कार्य की मॉनिटरिंग मुख्य सचिव स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक पारदर्शी व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन साय सरकार अब दुर्भावना पूर्वक इस महत्वपूर्ण योजना को बंद कर रही है। भाजपा सरकार के इस युवा विरोधी निर्णय का जवाब छत्तीसगढ़ के युवा आने वाले लोकसभा चुनाव में देंगे।

# साइंस ओलंपियाड में युगांतर के पांच तथा इंग्लिश ओलंपियाड मे आठ विद्यार्थी दूसरे राउंड के लिए क्वालीफाई



राजनांदगाँव (दावा)। भारतवर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल के पाँच विद्यार्थियों ने एस ओ एफ साइंस ओलंपियाड की परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम आकर दूसरे राउंड के लिए क्वालीफाई किया है। इन विद्यार्थियों में ऋषा जैन कक्षा 6, आसिफ हुसैन कक्षा 7, ओजस श्रीवास्तव कक्षा 8, नैतिक लोहिया कक्षा 9, अद्वित्य सिंह ठाकुर कक्षा 10 के वर्ग में विद्यालय स्तर में प्रथम रहे। इसी तरह इंग्लिश ओलंपियाड में नक्श बैद कक्षा 3, अनाया अजिज कक्षा 4, आयरा अजिज कक्षा 5, शिवराज पनासे कक्षा 7, तनीषी देवांगन कक्षा 8, अद्वित्य सिंह ठाकुर कक्षा 10,मारिया खत्री कक्षा 11, ऋद्धिमा अग्रवाल कक्षा 12 के वर्ग में विद्यालय स्तर पर प्रथम रहे। इन विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल व सर्टिफ़िकेट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इन विद्यार्थियों ने स्कूल रैंक प्रथम अर्जित करके विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया । इन विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने विषय विशेषज्ञ शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम बनाकर हम सभी विद्यार्थियों को विविध विषय से जुड़े ओलंपियाड का गहन अभ्यास कराया है, जिसकी बदौलत संस्था ने इन ओलंपियाड की परीक्षाओं में प्रदेश, देश और विश्व में राजनांदगाँव का परचम लहराए रखा है। उन्होंने आगे बताया कि इन ओलंपियाड परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियमित विशेष कक्षाएँ संचालित हो रही हैं। इससे लाभान्वित होते हुए युगांतर के बच्चे हर विधा, हर विषय में विद्यालय स्तर पर ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर रहे हैं। इस वर्ष भी शाला के बच्चों की इन उल्लेखनीय सफलता पर बच्चों व पालकों में काफी खुशी छाई हुई है। विद्यार्थियों के माता-पिता ने प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, एस ओ एफ प्रभारी ललित महोबिया, आलोक श्रीवास्तव तथा युगांतर के प्रबंधन का सदैव उच्च स्तरीय सुविधाएँ हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि युगांतर हमारे बच्चों को ओलंपियाड परीक्षा में गाइड करने के अलावा उनके कुशल स्वास्थ्य तथा उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रख रहा है।कक्षा आठवीं से ही बच्चों को जे ई ई आई आई टी तथा मेडिकल इंट्रेंस नीट की इन हाऊस कोचिंग प्रख्यात संस्थान द्वारा दी जा रही है और बच्चे चयनित होकर अपना उज्वल भविष्य बना रहे हैं। प्रबंध समिति के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पी आर ओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने इन होनहार विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयाँ दी है।

# छात्र युवा मंच के 85 वें रक्तदान शिविर में 50 रक्तवीरों ने रक्तदान कर दिया जन्मदिन का उपहार





राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की सेवाभावी संस्था छात्र युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक नागेश यदु के जन्मदिन पर संगठन द्वारा शहर के कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय में रक्तदान, सिकलसेल जाँच, दंत परीक्षण, ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्राओं सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

छात्र युवा मंच द्वारा रिकार्ड 85 वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य आपातकाल में दूर-दराज के मरीजों की जीवन रक्षा करना तथा रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है।इस शिविर में कुल 50 रक्तवीरों ने अपने रक्त का दान किया।

### छात्राओं में दिखा सिकलसेल जाँच के प्रति उत्साह

भारतवर्ष में एनीमिया व खून की कमी का बड़ा कारण सिकलसेल है इसके लिए जनजागरूकता के लिए शिविर में सिकलसेल जाँच शिविर रखा गया इसमें कमला कॉलेज के कुल.... छात्राओं ने उत्साह पूर्वक अपना परीक्षण करवाया।

### युवाओं ने दंत परीक्षण का उठाया लाभ

वर्तमान में दांत की समस्या आम है।दांत से जुड़ी समस्याओं के परीक्षण व समाधान के लिए शिविर में दंत परीक्षण भी किया गया। यातायात जागरूकता के लिए शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस तत्काल बनाया गया व प्रदान किया गया। अपने आप मे यह अद्वितीय आयोजन था जिसमें समाजोपयोगी चिकित्सा,यातायात जैसे विभिन्न क्षेत्रों के सेवाओं का सीधा लाभ एक ही स्थान पर युवाओं को उपलब्ध हुआ।

### रचनात्मक कार्य कर मनाया जन्मदिन

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि मधुसूदन यादव, सचिन बघेल, दिनेश गाँधी, कोमल सिंह राजपूत, आलोक बिंदल, प्रशांत गुप्ता, किशुन यदु, हर्ष रामटेके, गगन आईच, संतोष सिंह, संतोष खंडेलवाल, फनेन्द्र जैन, लभेश पगारे उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव, डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. नीलम धनशाय एनसीसी, एनएसएस रेडक्रॉस अधिकारी जिला स्वास्थ्य विभाग, डेंटल कॉलेज, नांदगांव ब्लड बैंक के अधिकारी कर्मचारियों के विशेष सहयोग और मार्गदर्शन मे शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी

**पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा**

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगें। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी 2024 को ऑनलाईन व ऑफ लाईन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ होगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। अनन्तिम सूची 21 फरवरी 2024 को जारी की जाएगी। अनन्तिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी 2024 तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च 2024 को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च 2024 को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। महतारी वंदन योजनांतर्गत जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो अपात्र होंगी। जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग, उपक्रम, मण्डल, स्थानीय निकाय में स्थायी, अस्थायी, संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग के अधिकारी व कर्मचारी योजनांतर्गत अपात्र होंगी। जिनके परिवार का कोई भी सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद व विधायक तथा जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड, निगम, मण्डल के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष व उपाध्यक्ष हो वही भी योजनांतर्गत अपात्र होंगी। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव (ग्राम प्रभारी), बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी के लॉगिन आईडी से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र भरने की सम्पूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क होगी। आवेदन प्रपत्र ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, परियोजना कार्यालय तथा जिले द्वारा आयोजित विशेष कैम्प में उपलब्ध होंगे। प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, परियोजना कार्यालय तथा जिले द्वारा आयोजित विशेष कैम्प में कैम्प प्रभारी द्वारा ऑनलाईन की जाएगी। प्रत्येक आवेदन की प्री प्रिंटेड पावती दी जाएगी, यह पावती पोर्टल एप से सीधे एसएमएस द्वारा भी हितग्राही को प्राप्त होगी। निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त होने के पश्चात अनंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। आपत्तियों को प्राप्त एवं आपत्ति निराकरण समितियों द्वारा आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार एवं परियोजना अधिकारी की समिति होगी। नगरीय क्षेत्रों हेतु तहसीलदार, सीएमओ एवं परियोजना अधिकारी की समिति होगी। नगर निगम क्षेत्र हेतु आयुक्त नगर निगम अथवा उनके प्रतिनिधि व परियोजना अधिकारी, शहरी विकास प्राधिकरण एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी की समिति होगी। आपत्तियों का निराकरण पश्चात अंतिम सूची जारी किया जाएगा। अपात्र हितग्राहियों की पृथक सूची भी पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। पात्र हितग्राही को स्वीकृति पत्र ग्राम सचिव व वार्ड प्रभारी द्वारा जारी किया जाएगा। यह सूची पोर्टल पर प्रदर्शित भी होगी। हितग्राही को राशि का भुगतान पात्र हितग्राही को राशि का भुगतान उनके आधार लिंक्ड डीबीटी आधारित बैंक खाते में किया जाएगा। आपत्ति निराकरण समिति द्वारा भविष्य में हितग्राही के संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त होती है, तो उसकी जांच की जाएगी। जांच में अपात्र होने की दशा में संबंधित हितग्राही का नाम सूची से विलोपन की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान की गयी राशि की वसूली की कार्रवाई किया जाएगा। मृतक हितग्राहियों के नाम भी समय-समय पर जानकारी प्राप्त होने पर सत्यापन पश्चात अंतिम सूची से विलोपित किया जाएगा। नाम विलोपन की कार्रवाई ग्राम पंचायत सचिव व वार्ड प्रभारी द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तर पर समीक्षा एवं निगरानी हेतु संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग में राज्य निगरानी एवं क्रियान्वयन प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। जिला स्तर पर समीक्षा एवं निगरानी के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर निगम, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अथवा उनके प्रतिनिधि तथा जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर सदस्य होंगे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सदस्य सचिव रहेंगे, योजना के सघन क्रियान्वयन हेतु सतत समीक्षा करेगी। राज्य स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग नोडल विभाग रहेगी।

जिला में जिला कलेक्टर नोडल अधिकारी होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा शहरी क्षेत्रों के लिए आयुक्त व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरीय निकाय सहायक नोडल अधिकारी होंगे। योजना का क्रियान्वयन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थानीय निकायों के सहयोग से किया जाएगा। हितग्राहियों के चिन्हांकन, सत्यापन एवं भुगतान की स्वीकृति हेतु ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर

## अनमोल दावा

> विद्यार्थी को पढ़ाई करने के लिए रात रात भर जागना चाहिए। पर किसी के के पीछे नहीं भागना चाहिए।

## अरविंद केजरीवाल और प्रवर्तन निदेशालय के बीच भ्रष्टाचार को लेकर रस्साकशी जारी

अभी दिल्ली के मुख्यमंत्री और प्रवतज्न निदेशालय के बीच जोर आजमाइश चल रही है। आबकारी नीति में हुई कथित अनियमितताओं को लेकर प्रवर्तन निदेशालय नें पांचवीं बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा, मगर उन्होंने फ्रि यह कह कर उसे टाल दिया कि नोटिस अवैध है।

चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर पाटीज़ ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर प्रदशज़्न किया। इसमें अरविंद केजरीवाल को भेजे गए नोटिस का मुद्दा भी शामिल था। खुद केजरीवाल ने इसे लेकर प्रेसवार्ता की और बताया कि किस तरह केंद्र सरकार उनकी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। वह नहीं चाहती कि वे आम चुनाव में प्रचार करने जा सकें।

उन्होंने बताया कि शराब घोटाला मामले में लंबे समय से सीबीआइ और ईडी जांच कर रही हैं, मगर उन्हें आज तक एक भी पुख्ता सबूत हाथ नहीं लगा है। यह पहली बार नहीं है, जब अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पाटीज़ इस मामले को बेबुनियाद, मनगढ़ंत और बेवजह परेशान करने की नीयत से रचा गया बता रहे हैं। जब यह मामला सामने आया, तबसे लेकर अब तक उनका यही दावा है कि वे कट्टर ईमानदार लोग हैं, उनके पास छिपाने को कुछ नहीं है।

मगर अब प्रवतज़्न निदेशालय पर शायद उनके तकोज़्, शक्ति प्रदशज़्न और राजनीतिक हथकंडों का शायद ही कोई असर पड़े। ईडी को कानूनी अधिकार हैं कि तीन बार से अधिक नोटिस भेजे जाने के बावजूद कोई व्यक्ति पूछताछ के लिए हाजिर नहीं होता है, तो वह उसे गिरफ्तार कर सकता है या उसके कुछ अधिकारी उससे पूछताछ कर सकते हैं।

हालांकि पिछले साल अप्रैल में सीबीआइ केजरीवाल से करीब नौ घंटे पूछताछ कर चुकी है। मगर ईडी से वे बचते फ्रि रहे हैं। झारखंड के पूवज़् मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ऐसे ही तकोज़् के साथ ईडी का सामना करने से बच रहे थे। आखिरकार अधिकारियों ने उनके कायाज़्लय में जाकर पूछताछ की और जब वे अपने पक्ष में संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए, तो दो दिन पहले उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

अरविंद केजरीवाल खुद यह बात कह रहे हैं कि यही प्रक्रिया उनके साथ भी दोहराई जा सकती है। पहले ही इसे लेकर वे पाटीज़ कायज़्कताओज़् और विधायकों की बैठक करके रणनीति तय कर चुके हैं कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया, तो उस स्थिति में क्या करना होगा।

बेशक ईडी और सीबाआइ की कायज़्शैली लंबे समय से प्रश्नांकित की जा रही है, पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि अगर अरविंद केजरीवाल सचमुच बेदाग हैं, उनका शराब घोटाले से कोई लेना-देना नहीं, तो फ्रि उन्हें ईडी के सवालों से बचने की जरूरत क्या है। उन्हें अपने पक्ष में सबूत पेश करने में हिचक क्यों होनी चाहिए।

एक समय वे खुद कामकाज में पारदशिज़्ता के लिए आरोपी नेताओं को कानून का सामना करने की वकालत करते थे। फिर उन्हें इस मामले में कन्नी काटने की क्या जरूरत? इस मामले में उनके दो नेता सलाखों के पीछे हैं। अगर सचमुच आबकारी नीति सही थी और उसके तहत शराब के ठेकों का आबंटन आदि पारदशीज़् तरीके से किया गया था, तो उन्हें इसके प्रमाण पेश करके इस मामले पर से पदाज़् उठाना चाहिए। इस तरह की राजनीतिक रस्साकशी से आखिरकार आम नागरिक दिग्भ्रमित होते हैं।


# 'परीक्षा पे चर्चा' निराशा को अवसरों में बदलने की खिड़की

-: ललित गर्ग :-



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान दिया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिये ऐसा आलोक स्तंभ है जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध, तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा। क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता, सिद्धता, अनुभव एवं साधना से उपजे हैं जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिये भी रामबाण औषधि की तरह है। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम करते हैं।

इस वर्ष भारत मंडपम, आईटीपीओ, नई दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन 4,000 छात्रों ने हिस्सा लिया, वहीं लगभग 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे, जो एक रिकार्ड है। यह परीक्षा पर चर्चा का 7 वां संस्करण है, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले। वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये, लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक, समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं, लेकिन जितना पाया वह उनकी उम्मीद से अधिक था। वे ही नहीं, भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिये यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है, जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन, उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्वलित हुई है। प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते है की पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे है, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। 'परीक्षा पे चर्चा' की विशेषता यह है कि इससे जड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पढ़ाव में भी जरूर आती हैं। नरेन्द्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक-एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये क्योंकि मोदी ने शुरूआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं, इसलिये यह कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को अपना 'विजिटिंग कार्ड' मानते हैं, यह ठीक नहीं है। अपने संबोधन उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। इसके लिये उन्होंने प्रेरणा, आत्मविश्वास, एकाग्रता, आशा, उत्साह, समय और तनाव प्रबंधन आदि ऐसे अनेक विषयों पर बोला जो विद्यार्थी से लेकर आम व्यक्ति के जीवन को उजालने के लिये जरूरी है। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान मोदी से सवाल हुआ कि छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए और छात्रों को किस तरह से तनावमुक्त रखना चाहिए? मोदी ने कहा कि किसी भी शिक्षक और छात्र के बीच परीक्षा को लेकर सिर्फ नाता नहीं होना चाहिए, अगर ऐसा है तो उसे ठीक करने की जरूरत है। शिक्षक और छात्र का नाता पहले दिन से ही निरंतर प्रगाढ़ता से बढ़ते रहना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो परीक्षा के दिनों में तनाव की नौबत ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। शिक्षक का काम सिर्फ जॉब करना नहीं, बल्कि जिंदगी को संवारना है, जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सिलेबस से आगे बढ़कर छात्रों से संग रिश्ता बनाना चाहिए। इसी से छात्रों के उन्नत, सक्षम, प्रखर एवं चरित्रसम्पन्न जीवन की संभावनाओं का धरातल मजबूत होगा और इसी से वे वर्चस्वी और यशस्वी बनेंगे, उनकी रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभा निखरेगी। संभवतः इसी से सशक्त भारत एवं विकसित भारत का सपना आकार ले सकेगा। ग्रामीण छात्रों की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं शिक्षकों की उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पड़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है। इसके लिये शिक्षकों एवं छात्रों के रिश्ते को नये आकार में ढालने की अपेक्षा है। भारत जैसे देश में शिक्षा और उसके पढ़ाई के स्तर पर ऐसी कई पेचीदिगियां एवं चुनौतियां हैं। पढ़ाई का स्तर और पढ़ाई के ढंग की वजह का सीधा असर छात्रों के परीक्षा पर पड़ता है। ये भी हकीकत है कि 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन की शुरुआत की गयी है, नयी शिक्षा नीति घोषित की गयी है, लेकिन अभी भी शिक्षा में कई क्रांतिकारी परिवर्तन की जरूरत है। भारत में परीक्षा का तनाव इतना घातक है कि इसके तनाव से छात्र खुदकुशी तक कर लेते है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक परीक्षा में फेल होने के कारण साल 2014 से साल 2020 के बीच कुल 12,582 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं। आधुनिक शिक्षा के सामने आज अनेक चुनौतियां हैं। जबकि हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करने का सशक्त माध्यम है। हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था।



ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92 फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 58 : महर्षि गौतम ने अहल्या को निर्जन आश्रम में रहने का कठोर शाप दिया

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



गुरु विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण इस निर्जन दिखाई दे रहे आश्रम का भ्रमण कर रहे हैं। आश्रम में निस्तब्धता है। भूमि पर बिखरे पत्तों पर उनके पदचापों से होने वाली ध्वनि ही इस रहस्यमई शांति को रह रहकर भंग कर रही है।

गुरु विश्वामित्र ने कथा जारी रखी।

देवी अहल्या ने गौतम ऋषि से कहा, ''देव! मुझसे अनजाने ही भारी त्रुटि हुई है लेकिन मैं निर्दोष हूं। कृपया मुझे क्षमा करें। इस अप्रिय और अस्वीकार्य स्थिति का कारण मैं स्वयं की तपश्चर्या में कमी को मान रही हूं देव!''

गौतम ऋषि ने खिन्नता के साथ कहा- ''देवी! आप तो स्वयं तपस्यारत हैं। आप सदैव मेरे वैयक्तिक तप में एक समर्पित गृहिणी के रूप में सहयोग करती आई हैं। प्रजापिता ब्रह्मा की मानस पुत्री जो श्री हरि विष्णु की भक्ति में लीन हैं, अपने पति और एक दुराचारी का अंतर ज्ञात नहीं कर पाई।''

''क्षमा करें देव! संभवतः अभी भी मेरा मन श्री हरि विष्णु की भक्ति में पूरी तरह से लीन नहीं हुआ है। इस कलुषित घटना से यह स्पष्ट हो गया है कि मैं अभी साधना में ऊंचे स्तर पर नहीं पहुंच पाई हूं।'' अहल्या ने गौतम ऋषि से निवेदन किया।

गौतम ऋषि अहल्या के वचनों से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने आश्रम में एक विशाल शिला की ओर संकेत करते हुए घोषणा की, ''देवी! अब यह आश्रम मेरे तप के योग्य नहीं रह गया है। मैं तप के लिए यहां से अन्यत्र प्रस्थान कर रहा हूं। जाने से पूर्व मैं तुम्हें शाप देता हूं कि तुम हजारों वर्षों तक केवल हवा पीकर या उपवास करते हुए उस शिला में निवास करोगी। धूप, वायु और वर्षा आदि को सहन करते हुए इस आश्रम में एकाकी निवास करोगी। तुम किसी को दिखाई भी नहीं दोगी। मनुष्य क्या, यह आश्रम पशु पक्षियों से भी रहित हो जाएगा।''

इस कठोर दंड को सुनकर अहल्या निस्तब्ध हो गई। उन्होंने महर्षि गौतम से तीखे प्रश्न किए-

''यह तो प्राणदंड से भी अधिक कष्टपूर्ण है देव! मैं आपसे दूर रहने को विवश हो रही हूं। वह भी अपने इसी आश्रम में रहना और आश्रम भी ऐसा जो जनशून्य हो जाएगा। यह निश्चित है कि इस घटना के वास्तविक दोषी देवराज इंद्र न पदच्युत होंगे, न उन्हें देवों की श्रेणी से बाहर निकाला जाएगा। क्या इस बात की संभावना नहीं है कि आपने उन्हें जो शाप दिया है, उससे हजारों आंखें प्राप्त देवराज इंद्र और अधिक स्त्री देहदर्शक व अन्वेषक हो उठेंगे?''


(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## शब्द सामर्थ्य -324

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 323 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | दं | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सु- दोकु क्र. 324

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सु-दोकू क्र.323 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## नसीहत

### परीक्षा कक्ष में विद्यार्थी ध्यान रखें

शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य उन विद्यार्थियों के लिए और बड़ा मूल्यवान होता है, जिनकी परीक्षाएं बिल्कुल करीब हों। एक स्वस्थ शरीर में ही उत्तम मानसिकता का संयोग बनता है। समय के प्रति सजग रहने की भी नितांत आवश्यकता होती है। एक विद्यार्थी को सकारात्मक सोच व निर्भीकता के साथ सभी आवश्यक सामग्री-प्रवेश-पत्र, स्वच्छ रूमाल, पेन, कम्पास बॉक्स लेकर अपने शाला गणवेश में ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश करना चाहिए। इनके अतिरिक्त कागज व अन्य कोई सामग्री न हो। फिर कक्ष में उन्हें निम्न बातों का विशेष ध्यान रखना बहुत जरुरी है।

(1) टेबल पर अंकित अपना अनुक्रमांक देख कर अपने प्रवेश-पत्र के अनुक्रमांक से एक बार अवश्य मिला लें। फिर एक बार अपने जेब को अवश्य टटोल लेवें कि कुछ कागजात अथवा अन्य सामग्रियां तो नहीं रह गयीं; सुनिश्चित कर लेवें।

(2) अपनी जगह पर बैठने से पहले आसपास को अवश्य जांच कर लें कि अनावश्यक कागज व पॉलीथिन वगैरह तो नहीं हैं।

(3) आप अपने टेबल की सीट या उसके अगल-बगल देख लें कि कुछ लिखा या रंग अथवा स्याही के धब्बे तो नहीं है। इनमें से कुछ हों तो पर्वेक्षक को अवश्य अवगत करा देवें।

(4) जैसे ही आपको पर्वेक्षक के जरिये उत्तर पुस्तिका मिलती है, आप इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि उत्तर पुस्तिका की गुणवत्ता अच्छी हो, यानी उत्तर पुस्तक साफ-सुथरी व कटी-फटी न हो।

(5) अपनी उत्तर पुस्तिका में निर्धारित व आवश्यक कालम (जगह)- अनुक्रमांक, कक्षा, विषय जैसे समस्त जानकारी शांति व धैर्यपूर्वक भर लेवें।

(6) अपनी निर्धारित जगह (टेबल) पर प्रवेश-पत्र, पेन-पेंसिल व स्केल के अतिरिक्त कुछ न रखें।

(7) प्रश्न पेपर मिलने पर उसकी जाँच अवश्य कर लेवें। पृष्ठ व प्रश्न संख्या का मिलान कर लेवें। प्रश्न पेपर के प्रथम पृष्ठ के ऊपरी भाग पर अपना अनुक्रमांक लिख लेवें।

(8) सर्वप्रथम पूरे प्रश्न पेपर का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर लेवें। मन में शांति व एकाग्रता बनाए रखें। स्वयं निर्भीक व निश्चिंत रहें।

(9) सभी प्रश्नों को पढ़ने के पश्चात, समय का विशेष ध्यान रखें। समय रहते ही सभी प्रश्न हल हो जाने चाहिए। आप जिस प्रश्न के उत्तर के प्रति पूर्ण रूपेण आश्वस्त हैं यानी आप जिस प्रश्न का उत्तर शत-प्रतिशत जानते हैं, उसे सर्वप्रथम हल करे-लिखें। इसके लिए उत्तर-पुस्तिका के मध्य अथवा हासिये पर संबंधित प्रश्न का क्रमांक बोल्ड लेटर्स या फिर उस क्रमांक के नीचे लाइन खींच देवें। इसके पश्चात डाऊटफुल क्यूश्चन अर्थात संदेहपूर्वक प्रश्न, यानी जिनका उत्तर पूर्ण रूपेण अवगत न हों, उन्हें भी हल करें। अंत में जिन प्रश्नों के उत्तर से अनभिज्ञ हों, उन्हें भी प्रश्न के विषय सम्बंधित कुछ न कुछ अवश्य लिखें। किसी भी स्थिति में कोई भी प्रश्न नहीं छुटना चाहिए।

(10) यदि आप वस्तुनिष्ठ प्रश्न बना रहे हैं तो उत्तर क्रमांक लिखते हुए वैकल्पिक सही उत्तर को भी लिख देवें।

(11) रिक्त स्थान की पूर्ति करें या सही जोड़ी बनाइए, जैसे प्रश्नों का उत्तर लिखने के पश्चात एक लाइन खींच देवें। वह लाइन पूर्ण-उत्तर समाप्ति की घोतक होती है।

(12) प्रत्येक अति लघुत्तरीय, लघुत्तरीय या दीर्घ उत्तरीय प्रश्न के उत्तर पूर्ण होने के बाद एक लाइन खींच देवें।

(13) किसी प्रश्न का उत्तर उसके निर्धारित अंक के आधार पर ही लिखें, अर्थात अंक के अनुसार ही उत्तर लिखने की कोशिश करें।

(14) आवश्यकता पढ़ने पर ली गयी अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका पर दिये स्तम्भ पूरा कर लेवें। इसे एक धागे से मुख्य उत्तर पुस्तिका से अच्छी तरह बाँध देवें। परीक्षा समय समाप्ति के पाँच-दस मिनट पूर्व अपने लिखे उत्तरों की जाँच एक बार अवश्य कर लेवें।


(15) समय समाप्ति पर पूर्ण रूपेण उत्तर पुस्तिका को पर्वेक्षक को सौंप देवें। कोशिश करें, उन्हें बलात उत्तरपुस्तिका लेने का अवसर न देवें। परीक्षा कक्ष से शांतिपूर्वक व क्रमबद्ध बाहर निकलें।

अंत मैं कहना चाहूँगा कि परीक्षा के दरम्यान आप सकारात्मक विचार रखें, निर्भीक रहें, शांत रहें, खुश रहें। मेरी शुभेच्छाएं आप सबके साथ हैं।

टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
व्याख्याता (अंग्रेजी)
शासकीय उच्चतर माध्यमिक
विद्यालय-घोटिया जिला-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क - 9753269282.



## राशिफल




**मेष**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास के साथ बीतेगा। आज कार्यकुशलता के दम पर आप वह उपलब्धि हासिल कर लेंगे जिसकी कभी आपने तमन्ना की थी इससे आपको खुशी होगी। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी।




**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिलने से खुशी होगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बन रहेगा। आज का दिन कुछ व्यस्तता पूर्ण रहेगा।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आत्मविश्वास और मनोबल के सहारे आप कोई नई उपलब्धि प्राप्त करेंगे। तथा आप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहेंगे। आज घर में संबंधियों के आगमन से खुशनुमा माहौल बन रहेगा। आज अपनी वाणी पर काबू रखेंगे।



**कर्क**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनकर हल निकाल लेंगे। आज संतान की ओर से कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। आज परिवारजनों के साथ कोई मनोरंजक अथवा धार्मिक प्रोग्राम भी बनेगा।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज विवाह योग्य लोगों के लिए कोई खुशखबरी मिलने की संभावन है। पिछले कुछ समय से जिस कार्य के लिए प्रयासरत थे आज उसमें गति आएगी और आपको सफलता भी मिलेगी। अनुभवी लोगों से मेल-मिलाप तथा नई जानकारियां हासिल होंगी।




**कन्या**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कई तरह के गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर अवश्य विचार कर लें। आज थोड़ी सी सावधानी रखने से काफी चीजें आपके पक्ष में सुचारू रूप से संपन्न होंगी।



**तुला**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी तथा किसी काम में उचित सफलता मिलने से उत्साह और बढ़ेगा। जिससे दिन भर की थकान दूर हो जाएगी। युवाओं तथा विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की उत्तम संभावनाएं हैं।



**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज घर में रिश्तेदारों का आगमन होगा। काफी समय बाद मेल मिलाप होने से खुशनुमा वातावरण रहेगा। आपसी विचारों का आदान प्रदान कई समस्याओं को भी सुलझाएगा। विद्यार्थियों तथा युवाओं को अपने करियर से संबंधित कोई खुशखबरी मिल सकती हैं।




**धनु**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप कड़ी मेहनत व परिश्रम से वह सब कुछ हासिल करेंगे जिसकी आपने तमन्न रखी है। आज सफलता और भाग्य उन्नति के रास्ते प्रबल हो रहे हैं। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें तथा फिजूलखर्चो पर भी नियंत्रण रखें।



**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें। आज महत्वपूर्ण तथा उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समय बीतेगा। इससे आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद और कृपा प्राप्त होगी। उनके मार्गदर्शन में आप कोई खास निर्णय लेने में आसानी महसूस करेंगे। आज घर की देखरेख और परिवारिक लोगों के साथ में उचित समय व्यतीत होगा। अपनी योग्यता पर भरोसा रखें।



**मीन**
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्या से राहत मिलेगी और अपने कार्यों पर भी ध्यान दे पाएंगे। आज घर में रिश्तेदारों का आगमन होगा। आज काफी समय बाद मेल मिलाप होने से खुशनुमा वातावरण रहेगा।

# हम छग में सरकार से बाहर हुए है, हिम्मत नहीं हारे, कांग्रेस लोकसभा में दमखम के साथ वापसी करेगी- दीपक दुबे

अंबागढ़ चौकी (दावा)। मिशन 2024 एवं लोकसभा चुनाव में नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी में कांग्रेस पार्टी को प्रचंण्ड जीत दिलाने के लिए कांग्रेस के राजनांदगांव लोकसभा के समन्वयक एवं पर्यवेक्षक दीपक दुबे ने कांग्रेसजनो को जीत का मूलमंत्र दिया। उन्होंने कहा की हम छग में सरकार से जरूर बाहर हुए है लेकिन हमने हिम्मत नही हारी है और न ही हम निराश हुए है। लोकसभा में हम पुरे दमखम के साथ वापसी करेंगे और इस बार राजनांदगांव लोकसभा से पार्टी को अपना एक सासंद देंगे।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं चुनावी रणनीति को लेकर नए जिले मोहला मानपुर अंबागढ चौकी में गुरूवार को जिला मुख्यालय में जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। जिला कांग्रेस कमेटी की इस महत्वपूर्ण बैठक में कांग्रेसजनों को रिचार्ज करने तथा मिशन 24 की सफलता के लिए जीत का मूलमंत्र देने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजनादगांव लोकसभा के लिए एआईसीसी द्वारा नियुक्त समन्वयक दीपक दुबे विशेष तौर से मौजूद थे। श्री दुबे के साथ इस बैठक में छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी शाहिद भाई एवं मोहला मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी सहित जिले के पार्टी के वरिष्ठ नेतागण मौजूद थे। गुरूवार को जिला मुख्यालय मोहला में सम्पन्न हुई बैठक में पार्टी के संजय जैन, ब्लाक अध्यक्ष नोहरूराम कुमेटी, लच्छुराम साबले, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष नारायणलाल खंडेलवाल, मिर्जा नूर बेग, अगनू कुमेटी, सुजान पुरामे इत्यादि प्रमुख नेताओं ने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने मिशन 23 की तरह लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए कड़े परिश्रम करने की बात कही। बैठक में लोकसभा पर्यवेक्षक दीपक दुबे ने कांग्रेसजनों को लोकसभा चुनाव के लिए उत्साहित करते हुए पुरे मन से निष्ठाभाव से कांग्रेस पार्टी की जीत के लिए कार्य करने की सीख दी।



**नवगठित जिला में लोकसभा चुनाव की सफलता व तैयारियों के लिए जिले के कांग्रेसजनों में भरी गई उर्जा एवं आत्मविश्वास**

उन्होंने कहा की पार्टी किसी को भी प्रत्याशी बनाए हम लोकतंत्र को बचाने एवं राहुल गांधी का हाथ को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करना है। बैठक में छग कांग्रेस के महामंत्री शाहिद भाई ने कहा की भाजपा के पास कोई मुदद‍ा नही है वह केवल लोगों में भ्रम एवं झूठ फैलाकर केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए देशवासियों को बांटने एवं धर्म के आधार पर धुर्वीकरण करने में लगी हुई है। हमें भाजपा के हथकंडों से सवाधान रहने एवं लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की जरूरत है। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की हर चुनाव नया होता है। हम विधानसभा चुनाव में अपने जिले में जरूर अपनी दोनों सीटे बचाने में सफल हुए और ऐतिहासिक विजय हासिल की है। लेकिन हमें अहंकार एवं अतिआत्म विश्वास में रहने में की आवश्यकता नही है। हमें लोकसभा चुनाव के लिए नए सिरे से तैयारी करने की जरूरत है और मिशन 23 की तरह ही मिशन 24 के लिए अपना श्रेष्ठ योगदान देने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष ने कांग्रेसजनों को अभी से कमर कसकर मैदान में जुट जाने का आहवान किया। बैठक में राजेन्द्र जुरेशिया, कन्हैया राजपूत, सुरजीत सिंह ठाकुर, दिलीप सिंगने, दिनेश शाह, लगनू चन्द्रवंशी, रामकेवल विश्वकर्मा, शमीम तिगाला, शाहिदा बेगम, अनिता कोरार्म, षेश्वरी धुर्वे, शमीमुद्दीन कुरैशी, बसंत मंडावी, रवि हेनरी, दिनेश साहू, अब्दुल खालिक, लता साव, गमिता लोन्हारे, मीना मांझी, अनूर गोआर्य, कृष्ण कुमार देशमुख सहित बडी संख्या में जिले के कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं आभार ज्ञापन संजय जैन ने किया।

**0 भाजपा की झूठी मोदी गारंटी को जन-जन तक पहुचाएं- इन्द्रशाह**

जिला कांग्रेस की बैठक में मोहला मानपुर के विधायक इन्द्रशाह मंडावी ने कहा की पीएम मोदी ने वर्ष 2014 में केन्द्र में सरकार बनाने के लिए जो जो वायदे किए थें। वे आज दस वर्ष गुजर जाने के बाद भी पुरे नही हुए है। उन्होने कहा की न तो अच्छे दिन अए और न ही काला धन देश में वापस लौटा और न ही लोगो को पंद्रह-पंद्रह लाख मिला। श्री मंडावी ने कहा की हर वर्ष दो करोड युवाओं को रोजगार देने एवं किसानों की आय दोगुनी करने तथा महंगाई सौ दिन में कम करने का वायदा पूरी तरह चुनावी जुमला निकाला। विधायक मंडावी ने कहा की छग में सरकार बनाने के लिए अभी भी भाजपा ने हर महिलाओं को एक एक हजार देने तथा किसानों का धान 21 क्विंटल एवं एकमुश्त 3100 रूपए में धान खरीदने का वायदा किया था। लेकिन सरकार में आने के बाद मोदी गांरटी के नाम पर दिए गए वायदे को पूरा नही किया जा रहा है। श्री मंडावी ने कांग्रेसजनों को लोकसभा चुनाव में हर घर एवं जन-जन तक भाजपा की झूठी घोषणाओं को गांरटी को ले जाने का आहवान किया।

**0 भाजपा के पास राम के अलावा कोई मुददा नही- दीपक दुबे**

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजनांदगांव लोकसभा के लिए एआईसीसी के पर्यवेक्षक दीपक दुबे ने कहा की भाजपा के पास भगवान राम एवं धर्म के अलावा कोई मुददा नही है। श्री दुबे ने भाजपा पर तीखे प्रहार करते हुए कहा की भाजपा एवं पीएम मोदी महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य ज्वलंत मुददों से देशवासियों का ध्यान भटका रही है। और धार्मिक धुर्वीकरण कर अंग्रेजो की तरह फूट डालो राज करो की तरह सत्ता हासिल करने के लिए हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा की पीएम मोदी व भाजपा देषवासियो को आस्था के नाम पर ठगने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा की जब से देश में भाजपा की सरकार आई है और पीएम के रूप में मोदी जी बैठे हुए है तब से देश में लोकतंत्र की हत्या कर विपक्ष को कुचलने का कुचक्र चल रहा है। श्री दुबे ने कहा की भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। वह जो किर्ती है उसे करती नही है। हर बार लोगों को झूठे स्वप्न दिखाकर भाजपा जनत जनार्दन को ठगने में लगी हुई है। अब जनता जान चुकी है और भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में मुहतोड़ जवाब देगी।

## पहला कॉलम...

### बी.टी.आई. के छात्राध्यापकों ने किया बस्तर का शैक्षणिक भ्रमण



डोंगरगांव(दावा)। नगर में संचालित शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्था में द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने बस्तर का शैक्षणिक भ्रमण किया। उन्होंने वहां स्थित चित्रकूट जलप्रपात में ऊंचे पहाड़ों से जल को नीचे गिरते हुए अदभुत नजरों को देखा तथा वहां स्नान कर आनंदित हुए। बस्तर के बारसूर में स्थित गणेश मंदिर एवं मामा-भांजा मंदिर का दर्शन किया। उसके पश्चात दंतेवाड़ा के मां दंतेश्वरी का दर्शन किया, जो बहुत ही सुंदर और मनमोहक है। जगदलपुर के दंतेश्वरी माता मंदिर एवं विशेष अनुमति पश्चात राजा प्रवीणचंद्र भंजदेव का राजमहल को भी देखा। जगदलपुर में स्थित दलपत सागर का भी भ्रमण किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफलता पूर्वक संचालित में कार्यक्रम प्रभारी संस्था के प्राचार्य आर.आर. देशलहरे, आर.एस.ठाकुर, के दुबे, पी. साहू, डी.के. जैन, श्री चंद्रवंशी सहित सर्वेश्वर, मोनिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आवारा कुत्तों ने बछिया को किया लहुलूहान

**वार्डवासियों द्वारा बछिया का उपचार कराया गया**



डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में आवारा कुत्तों के आतंक से दहशत का वातावरण बना हुआ है। हाल ही में आवारा कुत्तों द्वारा बछिया पर हमला कर उसे लहूलुहान करने का मामला सामने आया है। वहीं दूसरी ओर पालिका की ओर से शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के बावजूद आवारा पशुओं के लिए किसी प्रकार का अभियान नहीं चलाया जा रहा है। वार्डवासियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राधिका नगर वार्ड नंबर 24 स्तिथ धमेंद्र गोमास्ता के घर सामने रात एक बछिया को दर्जनों आवारा कुत्तों द्वारा अचानक हमला कर पैर और कान को बुरी तरह से लहुलूहान कर घायल कर दिया।

**वार्डवासी ने रतजगा कर बचाई बछिया की जान**

दर्जनों आवारा कुत्तों के हमले से घायल बछिया की देखभाल करने, मानवता का परिचय देते हुए,वार्ड वासी धर्मेंद्र गुमास्ता ने रति 3 बजे से घायल बछिया का प्राथमिक उपचार कराया। ठंड से बचने की व्यवस्था की गई। साथ ही रतजगा कर आदम खोर कुत्तों से सुबह तक बछिया की रक्षा करते रहे। श्री हनुमान भक्त युवा समिति के सदस्य हनी गुप्ता, अजय ठाकुर के मार्गदर्शन में सुबह डॉक्टर को भेजकर प्राथमिक उपचार कराकर घायल बछिया को स्थानीय श्री कृष्ण गौशाला में भेजा गया। देखा गया है कि आवारा कुत्ते हर गली मोहल्ले में झुंड में दिखाई देते हैं, जो मौका पाकर हमला कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा समय रहते जनहित में उचित व्यवस्था नहीं बनाई गई तो आने वाले समय में समस्या और गंभीर हो जायेगी।

### पूर्व सांसद चंदूलाल चंद्राकर को दी गई पुष्पांजलि

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम भर्रेगाव निवासी पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री रहे चंदूलाल चंद्राकर को उनकी 29वी पुण्यतिथि मनाकर ग्रामवासियों ने उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की है।

बता दें कि पूर्व सांसद चंदूलाल चंद्राकर देश के वरिष्ठ पत्रकार रहे हैं तथा राजनीति में आने के बाद पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आवाज मुखरित की थी।

ग्रामवासियों ने श्रद्धेय चंदुलाल चंद्राकर की 29 पुण्यतिथि पर भर्रेगांव में स्थापित चंदुलाल जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया और उन्हें कृतज्ञतापूर्वक याद कर पुण्यांजलि दी। इस अवसर पर समाज के प्रमुख खिलेश्वर पप्पु चंद्राकर अध्यक्ष उपक्षेत्र भर्रेगांव बलभद्र चंद्राकर सचिव उपक्षेत्र, दिलीप चंद्राकर पूर्व सरपंच, तुलाराम चंद्राकर, घनश्याम चंद्राकर गजेंद्र चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, ईश्वरी चंद्राकर जयकुमार चंद्राकर मोंटू चंद्राकर पप्पु चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर कुंजबिहारी चंद्राकर, डॉ. एल. आर. निर्मलकर, भागवत निषाद, नोखेलाल सिन्हा, रोहित साहू एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## एबीवीपी नगर कार्यकारिणी की घोषणा: किरण नरेडी अध्यक्ष व शुभम बने नगर मंत्री

डोंगरगढ़/कलकसा(दावा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डोंगरगढ़ के नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई। परिषद गीत के साथ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य रूप से जिला संयोजक अमन बृज नामदेव, निर्वाचन अधिकारी के रूप में पूर्व जिला संयोजक टेकेंद्र साहू व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुश मालेकर, गुलशन भगत उपस्थित रहे। अतिथि स्वागत के पश्चात जिला संयोजक अमन नामदेव ने कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रस्तावना रखा। साथ ही नगर मंत्री कुश मालेकर ने मंत्री प्रतिवेदन रखा और निर्वाचन अधिकारी टिकेंद्र साहू ने नगर अध्यक्ष के रूप में सुश्री किरण नरेड़ी व नगर मंत्री के रूप में शुभम महोबिया के नाम की घोषणा की तथा नवनिर्वाचित नगर मंत्री शुभम महोबिया ने पूरी कार्यकारिणी घोषणा करते हुए नगर सह मंत्री दिव्या ठाकुर, भावेश साहू, हिमांशु इंदुलकर नगर महाविद्यालय प्रमुख अंकित गुप्ता, नगर महाविद्यालय सह प्रमुख हुमेश साहू, पीतांबर यादव, नगर कार्यालय मंत्री लवकुश साहू व गजेंद्र साहू व आंचल ठाकरे, एसएफएस प्रमुख युवराज पटेल, एसएफएस सहप्रमुख दीपक सिंह, एसएफडी प्रमुख राजेंदर साहू, एसएफडी



सहप्रमुख हुमेश साहू, क्रीड़ा प्रमुख मुकेश साहू, सह प्रमुख गुलशन चंद्रवंशी, नगर विद्यालय प्रमुख पंकज सोनी, सह प्रमुख आशु डिंडोरे, कला मंच प्रमुख मिथलेश सिन्हा, मीडिया प्रमुख लोकेश सिंह राजपुर, नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अमन बृज नामदेव, कुश मालेकर, अंजली रामटेके, तम्माना खान, आयुष निर्मलकर, भुवनेश्वर कंडरा, गौरव कोसा, प्रियंका यादव, फनीश सिन्हा, शिवम कश्यप, साहिल नामदेव, धनेश्वर भारती, अभिषेक रात्रे, दिनेश्वरी मांडवी, लक्ष्मी साहू, स्वाति धमगाए, सेजल वैष्णव, लोकेश्वर पटेल नाम की घोषणा की। अंत में सभी उपस्थित अतिथियों ने नव दायित्ववान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी।

## केला पत्ता में भोजन कर पर्यावरण सरंक्षण और प्लास्टिक मुक्त ग्राम का दिया संदेश



राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में संस्था के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर सरंक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आयोजित किया गया है। शिविर के चौथे दिन में परियोजना कार्य में तालाब के आसपास की साफ सफाई सोखता खड़ा निर्माण कार्य एवं स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ ही प्लास्टिक मुक्त भारत और पर्यावरण सरंक्षण का संदेश देते हुए केले के पत्ते में भोजन किया गया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में कृषि विस्तार अधिकारी प्रमोद नागर एवं श्री शेंगर उपस्थित हुए और जैविक कृषि जैविक खाद, उर्वरक खाद की सम्पूर्ण जानकारियों से ग्राम वासियों एवं स्वयंसेवियों को संबोधित किये। महाविद्यालय से प्रो. अनीता शंकर, प्रो. नीलू श्रीवास्तव, प्रो. अनीता शाहा भी उपस्थित हुए। शिविर में अनुशासन प्रभारी विनय, गोपीचन्द, शालिनी मंच सजा टिकेश्वरी, शिवम, मनीष के साथ साथ 55 स्वयंसेविका 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सड़कों पर उतरी पुलिस



गंडई पंडरिया (दावा)। माँ गंगई के नगरी की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नए थाना प्रभारी व पूरा पुलिस प्रशासन ही साप्ताहिक बाजार के दिन रविवार को सड़क पर उतर आया। थाना प्रभारी भीमसेन यादव व खैरागढ़ यातायात प्रभारी शक्ति सिंग के नेतृत्व में पुलिस ने मेन चौक से पूरे बाजार तक यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान बाजार में बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाया गया कुछ पर चलनी कार्यवाही भी की गई। चेतावनी दी गई कि यदि वाहन चालक बाज नहीं आए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**वाहन रखने व सड़कों पर दुकान व्यवस्थित ढंग से लगाने की सक्त हिदायत**

**10 लोगों 39 सौ रु. की चालानी कार्यवाही**

नगर मे बेतरतीब खड़े वाहनो को तहाया गया। कुछ ने तो समझाइस पर मान गए, कुछ को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वही बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित ढंग से रखने प्रशासन शक्ति दिखते हुये 10 लोगों पर 39 सौ रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। और यातायात नियमों का सही तरीके से पालन करने की भी हिदायत दी गई।

थाना प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि नगर की बेकाबू यातायात अव्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने अब विशेष अभियान शुरू कर दिया है। साप्ताहिक बाजार रविवार के दिन पुलिस टीम ने नगर क्षेत्र में अभियान चलाकर गलत ढंग से वाहन पार्क करने वाले और ठेली वालों को हद पार नहीं करने की हिदायत दी। वही कुछ वहाँ चालको के ऊपर चलनी कार्यवाही कर नियमो का पालन करने कहा गया।

यातायात प्रभारी शक्ति सिंग ने कहा कि इस दौरान कई स्थानों पर वाहन चालकों ने बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े किए थे। श्री सिंग ने कहा कि सड़क तक वाहन पार्क कर दिए जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई है। यदि फिर भी व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो पुनः कड़ी कार्यवाई किए जाएंगे। वही नगर के व्यापारियो व वाहन चालको से अपील किए की व्यवस्था दुरुस्त रखने मे प्रशासन का साथ अवश्य दें। मौके पर खैरागढ़ यातायात प्रभारी शक्ति सिंग, थाना प्रभारी भीमसेन यादव, बलराम, सिंगाराम, भूपेन्द्र कौशिक, अरविंद वरला उपस्थित रहें।

## केंद्र सरकार का गरीब और किसान विरोधी बजट - छन्नी साहू



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू जी ने केंद्र सरकार के द्वारा संसद में पारित बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बजट गांव-गरीब और किसान विरोधी है केंद्र सरकार के तीन विवादस्पद कृषि कानून के खिलाफ कई महीनो तक आंदोलन करने वालों किसानों की मांगों को नजर अंदाज किया है व इस बजट से यकीनन उन्हें निराशा हाथ लगी, वह उम्मीद कर रहे थे की सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत ? 6000 सालाना दिए जाने वाले रकम में भी बढ़ोतरी होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए अभी 60000 करोड़ बजट ही ही तय किया गया है, पिछले साल की यह रिवाइज्ड बजट में भी इतना ही था, श्री मति साहू जी ने आगे कहा कि सरकार ने यूरिया सब्सिडी पर बजट कम करके 1,13,1 00 करोड़ कर दिया है जो पिछले साल 1,54, 098 करोड़ का था साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पर बजट कम करके 1,37,207 करोड़ कर दिया है जो पिछले साल की अपेक्षा 2,14,696 करोड़ का था ,इतना ही नहीं कोरोना महामारी में प्रधानमंत्री पोषण योजना और आंगनबाड़ी योजना में सुनिश्चित किया गया था कि बढ़ी हुई बेरोजगारी की दशा के बावजूद बड़ी आबादी भूखे पेट ना सोए लेकिन सरकार ने इन योजनाओं की बजट में भी कटौती की है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र सरकार को गांव गरीब किसानों की चिंता छोड़ उद्योगपतियों की ज्यादा चिंता है,इस बजट से युवाओ व नीचे तबके के लोगो के लिए एक भी ऐसी योजनाओं का जिक्र नही है जिससे इन वर्ग का भला हो सके।

## राम मंदिर ट्रस्ट पदुमतरा की बैठक संपन्न, प्राण-प्रतिष्ठा व रामकथा का होगा ऐतिहासिक आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के पदुमतरा में भगवान राम के मंदिर का निर्माण कार्य जोरों पर है। मंदिर का निर्माण फरवरी के अंत तक पूरा होगा। 10 मार्च को मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा रखा गया है। सुबह 9 बजे से कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाला जाएगा। कलश यात्रा की तैयारी की जवाबदारी महिला मंडल भागवत समिति को सौंपा गया है। कलश यात्रा के पश्चात राम दरबार, नर्मदेश्वर शिवलिंग व भोलेनाथ का प्राण-प्रतिष्ठा आचार्य श्रीयुत पं. युवराज पाण्डेय द्वारा संपन्न कराया जाएगा। 11 मार्च से 17 मार्च दोपहर 1 बजे से रामकथा श्रीराम मंदिर के पास जीई रोड पदुमतरा में आचार्य श्रीयुत पं. युवराज पाण्डेय महाराज श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर गरियाबंद के श्रीमुख से किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा ऐतिहासिक व भव्य आयोजन हेतु रूप रेखा तैयार किया गया। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

बैठक में जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, पदुमतरा सरपंच ललिता साहू, डुमरडीहकला सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर, धौराभाठा सरपंच, अध्यक्ष सरपंच संघ नोमेश वर्मा, समाजसेवी परदेशी सोनबोइर, सौरभ वैष्णव, राकेश साहू, पूर्व सरपंच पदुमतरा मोहन साहू, पूर्व सरपंच तिलई राजेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच डोम्हाटोला दधिबल वर्मा, पूर्व सरपंच डुमरडीहकला धनेश साहू, ओमकार यादव, गोपी राम सिन्हा, हरिकिशन सेन, दुर्गा राम साहू, डा. टीकाराम साहू, ओमकार साहू, मुरलीधर साहू, रितेश सिन्हा, टेकराम साहू, निर्मला साहू, बिशनी साहू, दमयनतिन साहू, शत्रुहन यादव आदि राम मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्य शामिल हुए।

## दो दिवसीय भव्य मानस प्रचार प्रसार सम्मेलन 10 एवं 11 फरवरी को ग्राम अछोली में

डोंगरगढ़/अछोली (दावा)। विकासखंड के समीप स्थित ग्राम अछोली में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री शारदा मानस समिति, समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से तो दिवसीय भव्य मानस प्रचार प्रसार सम्मेलन का 33वां वर्ष, 10 एवं 11 फरवरी दिन शनिवार एवं रविवार को गौठान पुराना अछोली में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 10 फरवरी को सुबह 8 बजे कलश यात्रा एवं 10 बजे से मानस गान का शुभारंभ किया जावेगा वहीं रोजाना संध्या 7 बजे महाआरती होगी। दोनों दिवस भोजन भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें आयोजन समिति के सदस्यों ने अंचल के धर्म अनुरागी भाईयों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## महिलाओं को मिलेगा प्रतिमाह 1 हजार रुपए, प्रक्रिया प्रारंभ



डोंगरगाव (दावा)। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक महतारी वंदन योजना के तहत माह मार्च से महिलाओं को अब एक हजार रूप प्रति माह प्रदान किया जाएगा। इस योजना को लेकर प्रशासन के द्वारा तैयारी की जा रही है। इस संबंध में नगर पंचायत के सभा कक्ष में सीएमओ दादूपाल सिंह के द्वारा आवश्यक बैठक आयोजित कर प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं को भी स्थानी संस्कृतिक भवन में प्रशिक्षण व महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस संबंध में सीएमओ श्रीपाल ने बताया कि नगर के वार्डों में बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की सहायता तथा लोक सेवा केंद्र व स्वयं मोबाइल के माध्यम से निऱ्शुल्क ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिसके लिए विभिन्न मापदंड तय किए गए हैं। उसी के अनुसार चयनित सूची के द्वारा महिलाओं को राशि प्रदान किया जाएगा। इसके लिए नगर में मुनादी कराई जाएगी और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के द्वारा लाभार्थियों को पूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी।

# पहला कॉलम...

## अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के घर आने वाला है एक और नन्हा मेहमान



नई दिल्ली । टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के घर एक और नन्हा मेहमान आने वाला है। इस बात का खुलासा कोहली के दोस्त दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने किया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने शनिवार को अपनी लाइव बातचीत में बताया कि अनुष्का दूसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं।

डिविलियर्स ने शनिवार को कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों से भारत के बल्लेबाज के हटने के बाद उन्होंने विराट कोहली को कॉल किया। एबी डिविलियर्स ने अपने फैंस को बताया कि ड्ढद्धह्लड्ढ़ चश्द्धद्यद्ध ठीक हैं और अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं, उन्होंने कहा कि कोहली और ठ्ठह्वह्यद्धद्मड्ड स्द्धड्डह्मद्वड्ड अपने दूसरे बच्चे के जन्म की उम्मीद कर रहे हैं। गौरतलब है कि विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ 2 टेस्ट के स्क्वॉड से अपना नाम वापस ले चुके हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर कयासों के दौर शुरु हो गए।

## गूगल ने एआई मॉडल में किए बड़े बदलाव, बार्ड का नाम बदलकर किया जेमिनी

नई दिल्ली। गूगल अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल में कुछ बड़े बदलावों की योजना बना रहा है, जिसमें कथित तौर पर बार्ड का नाम बदलकर जेमिनी करना भी शामिल है।

एंड्रॉइड ऐप डेवलपर डायलन रूसेल ने स्पष्ट रूप से एक कंपनी चेंज-लॉग लीक किया है जिसमें कहा गया है कि बार्ड अब जेमिनी है, जो ओपनएआई के जीपीटी -4 के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाला नया मॉडल है। चेंज-लॉग में लिखा, बार्ड अब जेमिनी है। जेमिनी गूगल एआई तक डायरेक्ट एक्सेस पाने का सबसे अच्छा तरीका है। वे सभी सहयोगी क्षमताएं जिन्हें आप जानते हैं और पसंद करते हैं, अभी भी मौजूद हैं और जेमिनी समय के साथ बेहतर होता जाएगा।

हालांकि, कंपनी ने बार्ड का नाम बदलकर जेमिनी करने पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की। डॉक्यूमेंट के अनुसार, हमने विजुअल डिस्ट्रेक्शन को कम करने, लेजिबिलिटी में सुधार करने और नेविगेशन को सरल बनाने के लिए यूआरएल भी विकसित किया है। लॉग में कहा गया है कि गूगल जेमिनी के साथ वॉयस चैट की शुरुआत करेगा, साथ ही 'जेमिनी एडवांस्ड' के साथ एक नया 'अल्ट्रा 1.0' मॉडल भी लॉन्च करेगा, जो एक पेड प्लान है और यह चैटजीपीटी प्लस जैसी फाइल अपलोडिंग फीचर्स प्रदान करता है।

## अमेरिका के डेनवर में गोलीबारी से छह घायल

एपी, डेनवर। अमेरिका के डेनवर में रविवार तड़के गोलीबारी की घटना में कम से कम लोग घायल हो गए। इस घटना के तत्काल बाद पुलिस अधिकारी छानबीन में जुट गए।

गोलीबारी की यह घटना डेनवर के उत्तरी ऑरलियन्स कोर्ट के 5000 ब्लॉक में घटित हुई, जहां पर छह पीड़ित मौजूद थे। डेनवर पुलिस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। बकौल पुलिस, घटनास्थल पर जांचकर्ता मौजूद हैं। हालांकि, अभी तक पीड़ितों की पहचान नहीं हो पाई है। बकौल रिपोर्ट, गोलीबारी में घायल हुए पीड़ितों की चोटों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि, पुलिस अधिकारी संभावित संदिग्धों के बारे में जानकारी एकत्रित करने में जुटे हुए हैं।

## नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गिंगोब का कैंसर से निधन



नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गिंगोब का आज (04 फरवरी 2024) तड़के सुबह निधन हो गया. नामीबिया के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी किए गए बयान में बताया गया है कि उन्होंने अपने जीवन की आखिरी सांस विंडहोक स्थित एक अस्पताल में ली. हेज गिंगोब ने 82 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा है. नामीबियाई राष्ट्रपति के रूप में दूसरी बार चुने गए गिंगोब ने पिछले महीने ही खुलासा करते हुए बताया था कि वह कैंसर से पीड़ित हैं और इसका इलाज करा रहे हैं. राष्ट्रपति के निधन की खबर कार्यवाहक राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से दी है. उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए लिखा है, अत्यंत दुख और अफसोस के साथ मैं सबको सूचित कर रहा हूं कि हमारे प्रिय डॉ. हेज जी गिंगोब का, नामीबिया गणराज्य के राष्ट्रपति का आज निधन हो गया है.हेज गिंगोब के पत्नी का नाम मोनिका गिंगोस है. उनके 3 बच्चे हैं. गिंगोब के कैंसर से पीड़ित होने की खबर पहली बार तब पता चला जब वह पिछले माह नियमित चिकित्सा की जांच करा रहे थे. जांच के दौरान उनके बायोप्सी में कैंसर कोशिकाओं का पता चला था.

# वनडे में ऑस्ट्रेलिया की विजयी रथ जारी, वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में ली अजेय बढ़त



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घर पर खेली जा रही 3 मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले को 83 रनों से अपने नाम करने के साथ सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सीरीज के दूसरे वनडे मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।

इसके बाद उनके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम को 50 ओवरों में 258 के स्कोर पर ही रोकने का काम किया। हालांकि विंडीज टीम के बल्लेबाज उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हो सके और पूरी टीम 43.3 ओवरों में 175 रनों पर सिमट गई।

259 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम की शुरुआत इस मुकाबले में बिल्कुल भी अच्छी नहीं रही और उन्होंने 19 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवाने के साथ 34 के स्कोर तक 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान साई होप और केसी कार्टी ने पारी को संभालने की कोशिश की और स्कोर को 87 रनों तक पहुंचाया लेकिन इस साझेदारी को हेजलवुड ने तोड़ दिया जब उन्होंने होप को 29 के निजी स्कोर पर बोल्ड आउट करते हुए पवेलियन भेजने का काम किया। यहां से कंगारू टीम ने वेस्टइंडीज मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया और लगातार अंतराल में विकेट हासिल करते चले। 43.3 ओवरों में 175 रन बनाकर वेस्टइंडीज की पारी ऑल आउट हो गई। वहीं ऑस्ट्रेलिया की तरफ से गेंदबाजी में जोश हेजलवुड और सीन एबॉट ने जहां 3-3 विकेट अपने नाम किए तो वहीं विल सदरलैंड ने 2 जबकि एरोन हार्डी और एडम जम्पा के खाते में 1-1 विकेट आया।

### वनडे में हासिल की लगातार 11वीं जीत

वनडे वर्ल्ड कप 2023 का खिताब अपने नाम करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को इस फॉर्मेट में आखिरी हार का सामना उस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ लीग स्टेज के मुकाबले में मिली थी। इसके बाद से टीम अब तक लगातार 11 मैचों में जीत हासिल कर चुकी है। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को अब वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 6 फरवरी को कैनबरा के मैदान पर खेलना है।

# चिली के जंगलों में आग हुई बेकाबू, 46 लोगों की मौत



नई दिल्ली। चिली के जंगलों में लगी आग ने भयानक रूप धारण कर लिया है. शनिवार को अधिकारियों द्वारा जारी की गई सूचना में बताया गया है कि इसकी चपेट में आने से 46 लोगों की मौत हो गई है. आग पर अबतक काबू नहीं पाया गया गया है और यह लगातार बढ़ रही है. जिसकी वजह से कई घर जलकर खाक हो गए हैं. इसके अलावा जलने सड़कों पर लोगों के शव भी नजर आ रहे हैं.

आग के भयानक रूप को देखते हुए राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने देश के मध्य और दक्षिणी भागों में आपातकाल की स्थिति का आदेश दिया है. चिली में फिलहाल ग्रीष्म ऋतु का समय चल रहा है. यहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री फारेनहाइट) के आस-पास है, जिससे चिंता और बढ़ गई है. देश में आग के बढ़ते कहर को देखते हुए राष्टपति बोरिक (3 फरवरी 2024) ने शनिवार को हवाई सर्वेक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा, आग की वजह से 40 लोगों की मौत हुई है, जबकि 6 लोगों ने झुलसने की वजह से दम तोड़ा है. गेब्रियल बोरिक का मानना है कि इस संख्या में और बढ़ोतरी हो सकती है.

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग : शुरुआती मैच में डच महिलाओं ने अमेरिका को हराया



भुवनेश्वर । यहां के कलिंगा स्टेडियम में महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन 5 के दूसरे मिनी टूर्नामेंट में नीदरलैंड ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ 7-0 की जोरदार जीत के साथकी शुरुआत की। संयुक्त राज्य अमेरिका पर नीदरलैंड की प्रमुख जीत ने 2023/24 सीजन की शुरुआत में उनकी जीत की लय को पांच गेम तक बढ़ा दिया है।

पहले हाफ में डच खिलाड़ी धैर्यवान दिखीं, 13वें मिनट में बाईं बेसलाइन पर कुछ अच्छे इंटरप्ले के बाद लूना फोक्के ने एक गोल किया और इसके एक मिनट बाद दाईं बेसलाइन पर इसी तरह के इंटरप्ले के साथ पिएन डिके ने दो गोल किए।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने गोल रहित दूसरे क्वार्टर में अच्छी तरह से बचाव किया और आधे समय तक 2-0 से पीछे थी, लेकिन डच बहुत अधिक नियंत्रण में थे और जब उन्होंने दूसरे हाफ में तीव्रता बढ़ाई तो कोई आश्चर्य नहीं हुआ। तीसरा गोल तब आया जब डच दबाव के कारण उनके प्रतिद्वंद्वी को एक त्रुटि का सामना करना पड़ा। डिके ने सर्कल के शीर्ष पर एक उच्च जोखिम वाले पास को रोका और उसके पास अपना स्थान चुनने के लिए पूरा समय था।

अधिक प्रभावशाली इंटरप्ले ने डिके को अपनी हैट्रिक पूरी करने के लिए टैप-इन के लिए तैयार किया और यूएसए ने खुद को घेराबंदी में पाया, केल्सी रॉबल्स को अमेरिकी गोल में बार-बार बुलाया जा रहा था। डिके ने अपने चौथे गोल के लिए पेनल्टी कॉर्नर रिबाउंड पर सबसे तेज पैड लगाया था, और अंतिम मिनटों में यिब्बी जानसन ने दो आत्मविश्वास से निष्पादित पेनल्टी स्ट्रोक के साथ स्कोरिंग को बंद कर दिया। इसके साथ, नए शुरू किए गए शीर्ष स्कोरर के आर्मबैंड को बनाए रखने के लिए जेनसन के टूर्नामेंट में सात गोल हो गए, लेकिन शनिवार के मैच के बाद डिके पांच गोल के साथ आगे है।

## कर्नाटक में बढ़ रहे हैं मंकी फीवर के मामले

नई दिल्ली । कोरोना के नए वैरिएंट्स से संक्रमण के जोखिमों के बीच देश के कई राज्यों में इन दिनों मंकी फीवर के मामलों के बढ़ने की भी खबर है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया, पिछले 15 दिनों में कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में इस संक्रामक रोग के मामले तेजी से बढ़े हैं। 31 संक्रमितों में से 12 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं जबकि बाकी का इलाज घर पर ही किया जा रहा है। सभी की हालत स्थिर है और अब तक कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया है। मंकी फीवर का पहला मामला 16 जनवरी को सामने आया था।

मंकीफीवर को क्यासानूर फॉरेस्ट डिजीज ((केएफडी) के नाम से भी जाना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, जानवरों से इंसानों में इस रोग के प्रसार का खतरा हो सकता है।

# तीसरे टेस्ट से पहले भारत की बढ़ी परेशानी, विराट नहीं करेंगे वापसी?

नई दिल्ली।भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज दूसरा टेस्ट विशाखापट्टनम में खेला जा रहा है। शुरुआती दो टेस्ट में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर्सनल कारण के चलते टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन तीसरे टेस्ट में उनकी वापसी का हर किसी को इंतजार हैं।




बीसीसीआई ने अभी तक विराट कोहली के टेस्ट सीरीज में वापसी की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। हाल ही में किंग कोहली के करीबी दोस्त एबी डी विलियर्स ने ये खुलासा किया था कि कोहली अपने दूसरे बच्चे के होने की वजह से शुरुआती टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे।

दरअसल, न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत करते हुए बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा है कि परिवार पहले आता है, जैसा कि बीसीसीआई की प्रेस रिलीज में कहा गया था। अगर विराट कोहली को लग रहा है कि वह खेलने की स्थिति में हैं तो वह तभी खेलेंगे। इसके साथ ही मोहम्मद शमी और स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वापसी करना मुश्किल लग रहा हैं। मोहम्मद शमी को वनडे विश्व कप 2023 के दौरान एंकल इंजरी हुई।

मोहम्मद शमी और स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वापसी करना मुश्किल लग रहा हैं। मोहम्मद शमी को वनडे विश्व कप 2023 के दौरान एंकल इंजरी हुई थी, जबकि रवींद्र जडेजा हैदराबाद टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे, जिसके बाद वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए।

# पाक के महमूद कुरैशी पर पांच साल के लिए चुनाव लड़ने पर लगा बैन



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरेशी को बड़ा झटका दिया है। आयोग ने कुरेशी को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

आयोग के अनुसार, पूर्व विदेश मंत्री कुरेशी को राज्य की जानकारी लीक करने के मामले में 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जिसके चलते वो चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं।67 वर्षीय कुरैशी की अयोग्यता 8 फरवरी के आम चुनाव से पांच दिन पहले हुई है, जिसमें खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राज्य की सख्ती के बावजूद और अपने प्रसिद्ध चुनाव चिन्ह बल्ले के बिना चुनाव लड़ रही है।यह घोषणा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत द्वारा खान के साथ हाई-प्रोफाइल सिफर मामले में कुरेशी को 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के कुछ दिनों बाद आई है। 30 जनवरी 2024 के विशेष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने कहा कि संविधान और कानून के अनुसार कोई भी दोषी व्यक्ति चुनाव में भाग नहीं ले सकता है। परिणामस्वरूप, मखदूम शाह महमूद कुरेशी पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के साथ चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 232 के साथ अयोग्य हो गए हैं। सिफर मामला एक खुफिया दस्तावेज से संबंधित है, जिसे एक राजनयिक पत्र (सिफर) कहा जाता है, जिसे खान ने 27 मार्च 2022 को एक सार्वजनिक रैली में लहराया था और अमेरिका का नाम लेते हुए दावा किया था कि यह उनकी सरकार को गिराने की एक अंतर्राष्ट्रीय साजिश का सबूत था।

संघीय जांच एजेंसी द्वारा पिछले साल 15 अगस्त को 71 वर्षीय खान और कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसमें दोनों पर मार्च 2022 में वाशिंगटन में पाकिस्तान दूतावास द्वारा भेजे गए पत्र को संभालने के दौरान गोपनीयता कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था।

## सुमित के हाई 5 से यूपी योद्धाओं की यू मुंबा पर महत्वपूर्ण जीत

नई दिल्ली । यहां के त्यागराज इंडोर स्टेडियम में शनिवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मैच में यूपी योद्धाओं ने सुमित के कुछ अच्छे बचाव को रेडर गगना गौड़ा और महिपाल की मदद से यू मुंबा पर 38-23 से प्रभावशाली और महत्वपूर्ण जीत हासिल की। पूरे मैच के दौरान यू मुंबा के कई बदलावों से टीम को ज्यादा फायदा नहीं हुआ, शिवम के ऑफ द बेंच से पांच अंक लेने के बावजूद, लेकिन यूपी योद्धाओं को प्लेऑफ की दौड़ में अहम लाइफलाइन मिली। मैच दोनों तरफ झुक गया, क्योंकि शुरुआत में रक्षकों का दबदबा कायम रहा। यूपी योद्धा और यू मुंबा के रेडर मैच की शुरुआत में अपने-अपने करो या मरो रेड में असफल रहे, यहां तक कि यू मुंबा ने सुपर टैकल हासिल करने के लिए स्टार रेडर परदीप नरवाल को भी मैट से बाहर भेज दिया।

## ज्योतिष चमत्कार ( 5 फरवरी 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 15 | 25 | 35 | 41 |
| मंगल | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 37 | 43 | 51 |
| बुध | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 39 | 45 | 53 | 63 |
| गुरू | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 47 | 57 | 65 | 73 |
| शुक्र | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 59 | 67 | 75 | 81 |
| शनि | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 69 | 79 | 85 | 95 |
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 34 | 75 | 86 | 90 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 76 | 82 | 92 |
| मंगल | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 78 | 84 | 96 | 02 |
| बुध | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 86 | 98 | 04 | 12 |
| गुरू | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 90 | 06 | 14 | 26 |
| शुक्र | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 08 | 18 | 28 | 34 |
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 8 |
| स्पेशल | 21 | 35 | 46 | 87 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 73 | 42 | 29 | 63 | 38 | 12 |
| 75 | 75 | 27 | 05 | 25 | 37 |
| 30 | 37 | 51 | 14 | xx | 20 |
| 91 | 72 | 30 | 45 | 04 | 48 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 47 | 41 | 17 | 09 | 25 |
| 90 | 12 | 01 | 21 | 52 |
| 33 | 64 | 31 | 68 | xx |
| 38 | 95 | 24 | 90 | 60 |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -21-23-49-66-09

राजधानी नाईट 2023 -32-35-48-50-62-66-79-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

***उत्तराखंड कैबिनेट ने यूसीसी ...***

तौर पर सार्वजनिक नहीं किया गया है. आजादी के बाद यूसीसी अपनाने वाला पहला राज्य होगा - यूसीसी राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान विवाह, तलाक, भूमि, संपत्ति और विरासत कानूनों के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करेगा. फिर चाहे उनका धर्म कुछ भी हो. यूसीसी लागू होने पर उत्तराखंड आजादी के बाद इसे अपनाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा. गोवा में पुर्तगाली शासन के समय से ही यूसीसी लागू है.

***बजट सत्र में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ....***

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयाल दास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, ओपी चौधरी,लखन लाल देवांगन, श्यामबिहारी जायसवाल, सहित भाजपा विधायक मौजूद रहे। बैठक के बाद मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने सभी विधायकों को मार्गदर्शन दिया। उन्हें विधायकों का दायित्व बताया। जनता और कार्यकर्ताओ के साथ कैसे संबंध होने चाहिए इस पर प्रकाश डाला गया। विधायकों का संगठन के प्रति क्या दायित्व है और अच्छे विधायक बनने के लिए क्या-क्या करना चाहिए यह भी बताया गया। पार्टी के विचार परिवार के लोग हैं उनसे विधायकों के संबंध कैसे होने चाहिए इस बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

***विस सत्र से तय होगी प्रदेश के...***

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने कहा कि छत्तीसगढ़ 2025 में 25 वर्ष का होने जा रहा है और हमारा प्रयास होगा कि जब हमारा छत्तीसगढ़ 25 वर्ष का हो तो हम नए विधानसभा में प्रवेश कर जाएं। बजट सत्र की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पहले निधन उल्लेख किया जायेगा जिसके बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन,

## शेष प्रथम पृष्ठ का

चर्चा एवं पारण की कार्यवाही होगी। वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी हैं, वे वर्ष 2024-25 के आय व्ययक का उपस्थापन करेंगे। जिसका दूरदर्शन, रायपुर एवं आकाशवाणी, रायपुर से सीधा प्रसारण किया जायेगा। इसके पश्चात् तिथिवार वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा एवं विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद निर्धारित तिथि को आय-व्ययक की मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा एवं पारण होगा। अभी तक शासकीय विधि-विषयक कार्यों के अंतर्गत प्राप्त हुई विधेयकों की जानकारी भी विधानसभा अध्यक्ष ने दी जिसमें, छत्तीसगढ़ सिविल न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2024, छत्तीसगढ़ राजीम माघी पुन्नी मेला (संशोधन) विधेयक, 2024 और छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2024 शामिल है। उन्होंने बताया कि इस सत्र के लिए सदस्यों से दिनांक 02 फरवरी पूर्वान्ह की स्थिति में प्राप्त प्रश्नों की कुल 2262 सूचनायें प्राप्त हुई है, इनमें तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 1134 है एवं अतारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 1128 है। बजट सत्र हेतु सदस्यों से प्रश्न प्राप्त करने की अंतिम तिथि गुरुवार, दिनांक 08 फरवरी तक निर्धारित की गई है। अभी तक सदस्यों से कुल ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की 10 सूचनायें, नियम 139 के अधीन अवलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा के लिए 01 सूचना, अशासकीय संकल्प की कुल 05 सूचनायें प्राप्त हुई हैं।

***सरकार के विकास कार्य नहीं ....***

उन्होंने कहा कि भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए, लेकिन स्कूल बनाने और लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने का काम नहीं रुकेगा. एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक किराड़ी गांव के घनी आबादी वाले इलाकों के बच्चों को लाभ पहुंचाने के लिए रोहिणी के सेक्टर 41 में दो स्कूल खोले जाएंगे. शिलान्यास समारोह में शिक्षा मंत्री आतिशी भी शामिल हुईं. आतिशी ने इस मौके पर दावा किया, पिछले नौ साल में मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा शुरू की गई शिक्षा क्रांति के कारण दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बदलाव आया है. आज, दिल्ली के सरकारी स्कूल उत्कृष्ट परिणाम देते हैं और शहर के निजी स्कूलों से बेहतर बन गए हैं. विज्ञप्ति के मुताबिक स्कूल दो अलग-अलग भूखंडों पर बनेंगे जिनमें 100 से अधिक कक्षाएं होंगी. एक स्कूल में 300 लोगों की क्षमता का पूरी तरह से वातानुकूलित बहु-उद्देश्यीय सभागार होगा.

***आज झारखंड विधानसभा ....***

चंपाई सोरेन ने 90 के दशक के अंत में शिबू सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में सक्रियता से भाग लिया था. वे हेमंत सोरेन सरकार में परिवहन मंत्री थे. उन्हें सोरेन परिवार का भी समर्थन हासिल है.

***अब बिहार के 16 कांग्रेस विधायक....***

मुझे उनके साथ जाने के लिए कहा गया था। यहां निर्वाचन क्षेत्र में काम के कारण मैंने जाने से इनकार कर दिया। वे वहां गए हैं क्योंकि कांग्रेस ने वहां (तेलंगाना) नई सरकार बनाई है। निश्चित रूप से, अगर मुझे बुलाया जाएगा तो मैं जाऊंगा।

***हिमाचल से कश्मीर तक बर्फबारी...***

सोमवार को पंजाब के कई जिलों में सुबह धुंध पड़ सकती है। मंगलवार से मौसम पूरी तरह से साफ रहने का अनुमान है। बिहार में पटना समेत कई जिलों में बादल छाए रहे और बूंदाबांदी भी हुई। बिहार के 18 शहरों में हल्की वर्षा, वज्रपात व मेघ गर्जन को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। वर्षा का रबी फसलों पर अच्छा असर पड़ेगा, क्योंकि इस समय फसलों को सिंचाई की जरूरत होती है। गेहूं, सरसों, आलू, व टमाटर सहित तमाम फसलों को अभी पानी की सख्त जरूरत थी। मौसम विज्ञानी डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया, सोमवार के बाद एक बार फिर कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू होगा।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से छत्तीसगढ़ लौटेंगे अमरेश मिश्रा, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी किया निर्देश

रायपुर। सेंट्रल डेपुटेशन पर एनआइए में डीआइजी की जिम्मेदारी निभा रहे अमरेश मिश्रा छत्तीसगढ़ लौट रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार छुट्टी होने के बाद भी अमरेश को मूल कैडर भेजने का आदेश जारी किया है। कहा जा रहा है कि छत्तीसगढ़ वापसी के बाद उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

आइपीएस अमरेश मिश्रा छत्तीसगढ़ कैडर के 2005 बैच के आइपीएस अफसर हैं। अमरेश मूलतः बिहार से हैं। बक्सर में उनकी स्कूलिंग हुई। इसके बाद आइआइटी धनबाद से उन्होंने 2003 में पैट्रोलियम टेक्नोलाजी में बीटेक की डिग्री ली है। बीटेक के बाद उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में बैठे और पहले प्रयास में ही आइपीएस में सलेक्ट हो गए। अमरेश ने फिर दोबारा यूपीएससी नहीं दिया। 22 अगस्त 2005 को आइपीएस की सर्विस ज्वाइन की है।

सरगुजा में कितना हुआ विकास



आइपीएस में अमरेश को छत्तीसगढ़ कैडर मिला। बिलासपुर में उन्होंने अपना प्रोबेशन पूरा किया। छत्तीसगढ़ में वे नारायणपुर, दंतेवाड़ा कोरबा, दुर्ग और रायपुर यानी पांच जिलों के एसपी रहे हैं। रायपुर एसपी रहने के दौरान ही 2019 में अमरेश मिश्रा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नेशनल जांच एजेंसी एनआइए में एसपी बनकर चले गए। वहीं रहते वे डीआइजी प्रमोट हुए। इसके बाद 2005 जब का जब आइजी प्रमोशन हुआ तो छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें प्रोफार्मा प्रमोशन देकर आइजी बना दिया। आइपीएस राहुल भगत मुख्यमंत्री साय के सचिव नियुक्त वहीं छत्तीसगढ़ के 2005 बैच के आइपीएस अधिकारी राहुल भगत को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सचिव नियुक्त किया गया है। वह मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसर माने जाते हैं। दरअसल, राहुल सीएम साय के साथ काम कर चुके हैं। जब साय मोदी सरकार 1.0 में केंद्रीय राज्य मंत्री रहे उस समय राहुल उनके साथ विशेष सचिव रहे हैं।राहुल केंद्र सरकार में श्रम एवं रोजगार विभाग के संचालक भी बनाए गए थे। उन्हें 2016 में प्रतिनियुक्ति पर इस्पात मंत्री रह चुके साय के पर्सनल सेक्रेटरी के रूप में दिल्ली भेजा गया था। वह नारायणपुर, कांकेर, रायगढ़ और कवर्धा के पुलिस अधीक्षक रहने के साथ ही एसटीएफ एसपी भी रह चुके हैं। मुख्यमंत्री के अब तक तीन सचिव नियुक्त हो चुके हैं। सबसे पहले आइएएस अधिकारी पी. दयानंद और बाद में आइएएस अधिकारी बसवराजू एस को मुख्यमंत्री साय का सचिव बनाया गया था।

## सामुदायिक भवन का लोकार्पण फीता काटकर विधायक भोलाराम साहू ने किया



**छुरिया (दावा)। क्षेत्र के ग्राम बीजेपार में आज सामुदायिक भवन (महिला भवन) का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया था। लोकार्पण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने भवन का लोकार्पण फीता काटकर किया।**

ग्रामीण जनों ने मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू को बैच, पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। विधायक श्री साहू ने संबोधित करते हुए कहा की आप सभी के स्नेह, प्यार और आशीर्वाद से मुझे तीसरी बार इस क्षेत्र का दायित्व मिला है, आप सभी के मैं सदैव सुख दुख का साथी बनकर क्षेत्र का विकास कार्य करेंगे। क्षेत्र की समस्याओं का हर संभव निराकरण करने का प्रयास करेंगे। सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम मे विधायक भोला राम साहू के साथ में पूरन नेताम, राजू सिन्हा, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, रोशन साहू, सरपंच निर्मलकर, मालिक निर्मलकर, पंचगण, ग्राम पटेल सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खैरागढ़ कालेज में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम दो फरवरी 2024 को प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे की अध्यक्षता, सिविल अस्पताल से बसंत मारकंडेय समन्वयक, छात्रसंघ प्रभारी जे.के.वैष्णव, प्रो. सृष्टि वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने छात्र छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने कहा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के अनुसार कार्यक्रम आयोजन पर विचार व्यक्त किए। समन्वयक बसंत मारकंडेय ने फाइलेरिया बीमारी की जानकारी देते हुए पैर एवं हाथों में सूजन हाथीपांव के रूप में परिभाषित करते हुए संक्रमित मच्छरों के काटने से होना बताया, बचाव ही इलाज है कहते हुए साथ ही 10




फरवरी से 24 फरवरी दवा सेवन अभियान चलाने की जानकारी दी । छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं फाइलेरिया बचाव रोकथाम अनुसार 10 फरवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक कालेज में सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित की जानकारी दी ।

दवा खाली पेट नही खाने की जानकारी देते हुए छात्र छात्राओं को भरपेट भोजन खाकर दवा खाने कहा। जागरूकता ही बचाव है की बात कहते हुए अपने गांव में फाइलेरिया रोकथाम जागरूकता अभियान पर जानकारी प्रचारित करने एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर भरपेट भोजन पश्चात सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम को पूरा करने छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। प्रो. सृष्टि वर्मा भूगोल ने छात्र छात्राओं को स्वस्थ रहने हेतु आवश्यक जानकारी दी। कालेज में फाइलेरिया पर निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों को अधिक संख्या में भाग लेने कहा। इस अवसर पर प्रो. यशपाल जंघेल सहित शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन, आभार प्रदर्शन छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव ने किया।

## जिंदगी को जिंदगी से जोड़ते जाओ, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ - डॉ. के. एल. टांडेकर

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के मार्गदर्शन में दिनांक 2 फरवरी 2024 दिन शुक्रवार को महिला बाल विकास समिति राजनांदगांव, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला सेल, दिग्विजय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कुमारी रीना ठाकुर, परियोजना अधिकारी, चंद्र किशोर लाड़े, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कृष्णा देवांगन, संरक्षण अधिकारी, कुमारी दिव्या तिवारी, कुमारी विद्या मिश्रा एवं डॉक्टर मोनिका मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की रूपरेखा प्राचार्य डॉ.के. एल.टांडेकर के निर्देशन में द्वन्नष्ट समन्वयक डॉ.अनिता साहा एवं महिला सेल की समन्वयक डॉ.मीना प्रसाद के द्वारा तैयार की गई। कु. रीना ठाकुर ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं पृष्ठभूमि, महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं के उद्देश्य एवं उन्हें प्रारंभ करने का कारण, भ्रुण हत्या, लिंग निर्धारण एवं प्रशिक्षण, संविधान में समानता का अधिकार, जागरूकता, लिंगानुपात, आंगनबाड़ी सुविधा, मातृ वंदन योजना, घरेलू हिंसा, इत्यादि विषयों पर छात्राओं से चर्चा की। चंद्र किशोर लाड़े




दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर कार्यशाला का आयोजन

ने मूलभूत अधिकार जैसे जीने का अधिकार विकास का अधिकार संरक्षण का अधिकार एवं सहभागिता का अधिकार पोषण बाल श्रम तथा किशोर न्याय अधिनियम 2000 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पोक्सो एक्ट 2012 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 का उपयोग दत्तक ग्रहण बाल अपराध किशोर न्यायालय बाल संप्रेषण गृह इत्यादि पर विस्तार से चर्चा की। कृष्ण देवांगन जानकारी दी की पिछले 6 वर्षों में छत्तीसगढ़ नेपाल विवाह के मामले महिला एवं बाल विकास भाग के प्रयासों से छह प्रसंग घटे हैं। राजनांदगांव एवं बालों जले में बाल विवाह का प्रतिशत सबसे कम तीन प्रतिशत है तथा सबसे ज्यादा पसंद बंगाल में 42ः है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह होने के प्रमुख कारण गरीबी, लिंग भेद, परंपरा और संस्कृति, अपर्याप्त कानून जागरुकता, सुरक्षा और शिक्षा, दहेज एवं सामाजिक दबाव इत्यादि हैं। तथा बाल विवाह के दुष्प्रभाव बाल अधिकार से वंचित होना, शिक्षा से वंचित होना, शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रभाव, कुपोषित शिशु को जन्म देना इत्यादि है। उन्होंने बाल विवाह प्रतिशोध अधिनियम 2006 को भी विस्तार से बताया। कुमारी दिव्या तिवारी ने मोबाइल के उपयोग से होने वाली समस्याएं एवं इससे बचने के उपायों के संबंध में चर्चा की। डॉ.मोनिका ने कन्याओं की मासिक धर्म की समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। कुमारी विद्या मिश्रा ने महिलाओं के कानूनी अधिकार, आईपीसी की धारा 498 क, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 इत्यादि के विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के पूर्व बेटी बचाओ बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर महाविद्यालय की छात्राओं की एक भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्रथम कुमारी भानु उनके द्वितीय कुमारी खुशी तिवारी तथा तृतीय कुमारी भी वैष्णवी भीमते रहे। रंगोली प्रतियोगिता के विजेता नेहा शुक्ला प्रथम तनु साहू द्वितीय तथा साक्षी सिन्हा एवं चित्रलेखा साहू तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के महिला सेल की सदस्य एवं प्राध्यापक डॉ.अंजलि मोहन कोडोपी, डॉ.कविता साकुरे, डॉ.किरण जैन, डॉ.आराधना गोस्वामी, प्रो. ललिता साहू तथा द्वन्नष्ट सेल के सदस्य डॉ.डाकेश्वर वर्मा, श्री भाटिया, चिरंजीव पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।

## पक्षियों के संरक्षण के लिए युवाओं से निवेदन व शपथ दिलाया गया

राजनांदगांव (दावा)। सिंघोला के युवक जितेंद्र मानसिंग साहू ने पूजा में काम आने वाले कलश व सकोरानुमा नादी में दाना पानी रखने के लिए लोगों से निवेदन कर रहे है। सुबह शाम उड़कर पक्षी हमारा हौसला बढ़ाते, आओं इनको बचाकर इनका हौसला बढ़ाए। गांव में आज भी सुबह चिड़ियों की चहचहाहट के बीच लोगों की नींद खुलती है।

इनकी चहक से घर, आंगन में उत्साह का संचार होता है। इनकी चहक बरकरार रहे इस लिए चलो आज आदमी से फरिश्ते बन जाओ, आज एक पक्षी की जान बचाओ। जय जवान ऊर्जावान युवक जितेंद्र मानसिंग साहू अपने युवाओं की टोली के साथ पक्षियों के संरक्षण के लिए निरंतर 5 सालों से मुहिम चल रही है आज भाई शैलेंद्र मानसिंह साहू का बेटा काव्यांश साहू के छठ्ठी एवं प्रथम जन्मदिवस पर अपने घर आए मेहमान व गांव से आए सगा संबंधी को पंक्षी की संरक्षण के लिए शपथ दिलाया गया, साथ ही पूजा में काम आने वाले कलश व सकोरानुमा नादी को सभी को निवेदन पूर्वक बांटा गया ताकि चिड़ियों के लिए दाना-पानी रख सके। अब तो चुपचाप शाम आती है, पहले चिड़ियों के शोर होते थे इंसान चाहते हैं कि उसे उड़ने को पर मिले, परिंदा चाहते हैं कि उसे रहने को घर मिले। आओ सब मिलकर संकल्प ले, अब से ना करेंगे पक्षियों पर अत्याचार, चाहे जो हो जाए मेरे यार। पक्षियों के संरक्षण कार्य में सम्मिलत-चंद्र कुमार साहू प्रकाश साहू, हरीश साहू, जागेश्वर साहू, साहिल साहू, चंदन साहू, रामसिंग साहू, लालसिंग साहू, ओम प्रकाश साहू, राम साहू, केशव साहू, हितेश साहू, योशित साहू, ललित डोमार साहू (जनपद सदस्य), मोतीलाल साहू (उप सरपंच), राहुल साहू, नीरज साहू, तन्मय साहू, एवन साहू, मिथलेश साहू आदि उपस्थित थे।

## पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु लिखित चयन परीक्षा रविवार 10 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। राज्य के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु लिखित चयन परीक्षा रविवार 10 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में आयोजित की गई है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि योजनांतर्गत लिखित चयन परीक्षा में शामिल होने तथा विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य में मान्य अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए। इसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण-पत्र धारक होना आवश्यक है। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा पांचवीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। पिता व पालक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। आय प्रमाण-पत्र एवं निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से किया जायेगा, अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा 4थी उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे। नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी योजना का लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होंगे ।

## महतारी वंदन योजना से महिलाएं बनेंगी सशक्त- गीताघासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष



श्रीमती गीताघासी साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना को लागू करने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का एक माध्यम बनेगी।

श्रीमती साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के अपने घोषणा पत्र के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कैबिनेट में महतारी वंदन योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। राज्य की लाखों महिलाओं को इस योजना का लाभ मार्च महीने से मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को सालाना 12 हजार रुपए दिया जाएगा जिससे महिलाएं सशक्त व आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगी। गीता साहू ने आगे कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से सुशासन का सूर्योदय हुआ है।

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के उद्देश्य की पूर्ति के लिए कार्यशाला आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय अध्यक्ष, ट्रस्टी चेयरमैन राजरत्न आंबेडकर दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के निर्देश के परिपालन में 28 जनवरी दिन रविवार को धम्मकीर्ति बुध्द विहार बसंतपुर, राजनांदगांव में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छग राज्य, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी, राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, रायपुर के पदाधिकारी एवं बौध्द उपासक-उपासिका शामिल हुए। राज्य के महासचिव एन. टेम्भुरकर व उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा त्रिशरण पंचशील ग्रहण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात राज्य अध्यक्ष एमडी वाल्दे और राज्य कार्याध्यक्ष सीएम वाल्दे ने दि बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के दस



उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया तथा संस्था के विस्तार में आने वाली समस्याओं का समाधान किया। बौध्दों की आर्थिक स्थिति की मजबूती के लिए डॉ. बी.आर. आंबेडकर मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लि. की स्थापना करने पर विचार विमर्श किया गया।

भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ की सदस्यता अधिक से अधिक ग्रहण कराने की अपील पदाधिकारियों से की गई, इसके बाद आयु. माला गौतम को राज्य उपाध्यक्ष, राज्य सदस्य. कन्हैया लाल खोब्रागढ़े, बीआर भैसारे, पद्माकर भिवगढ़े, अरूण कुमार रामटेके को जिम्मेदारी दी गई। सीएम वाल्दे ने जिला राजनांदगांव की कमेटी को बैठक व स्वल्पाहार की सराहनीय व्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया। छग राज्य के प्रमुख पदाधिकारी बीएल वाल्दे, निर्मला कसारे, उर्मिला वाडेकर, जीएल लाड़ेश्वर, चतुर सिंह नंदेश्वर कोषाध्यक्ष उपस्थित थे। अंत में जिला राजनांदगांव की अध्यक्ष तिलोत्तमा बड़गे ने राजरत्न आंबेडकर साहब जी राष्ट्रीय अध्यक्ष के संदेश को बौध्द अनुयायिओं के प्रत्येक घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया और भारतीय बौध्द सभा की सदस्यता ग्रहण करने की पुनः अपील की। छग राज्य, जिला से आये समस्त पदाधिकारियों एवं बौध्द उपासक-उपासिका का कार्यशाला की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया।

## नीति आयोग भारत शासन द्वारा राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन अभियान के संबंध में वीसी के माध्यम से ली गई बैठक

राजनांदगांव (दावा)। नीति आयोग भारत शासन द्वारा आज आकांक्षी जिला अंतर्गत राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन अभियान के संबंध में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े। नीति आयोग स्वास्थ्य के सदस्य डॉ. विनोद कुमार पॉल ने कहा कि फाईलेरिया के उन्मूलन के लिए यह जरूरी है कि जनसामान्य को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए जागरूक किया जाए। इसके लिए विभिन्न संस्थाओं के साथ समन्वय करते हुए स्वास्थ्य के दृष्टिगत फाइलेरिया (हाथीपांव) की दवा खिलाने के लिए कहा गया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में फाईलेरिया रोग की रोकथाम एवं दवा वितरण के लिए टास्कफोर्स का गठन किया गया है। जिले में इसके लिए लगभग 1224 बूथ बनाएं गये हैं तथा सामुदायिक सहभागिता के साथ पंचायत प्रतिनिधियों को जोड़ते हुए फाईलेरिया की बीमारी के उन्मूलन के लिए समन्वित कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया




- कलेक्टर ने जिले में फाईलेरिया रोग की रोकथाम एवं दवा वितरण के संबंध में दी जानकारी
- राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 28 फरवरी तक

कि इसके लिए कार्य योजना बना ली गई है। उन्होंने बताया कि जिले में 10 से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों के लिए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत 10 से 15 फरवरी तक संस्थाओं में बूथ लगाकर लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। 16 से 24 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंट कर दवा का सेवन कराया जाएगा। 26 से 28 फरवरी तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राउंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड, डीपीएम सुश्री भूमिका वर्मा, नीति आयोग फैलो सुश्री दिशा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि फाईलेरिया (हाथीपांव) रोग संक्रमित मच्छरों के काटने से होता है। फाइलेरिया रोग होने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है। बचाव ही इलाज है। शासन द्वारा फाईलेरिया रोग से बचाव के लिए निःशुल्क फाईलेरिया की दवा दी जा रही है। जिसके सेवन से फाइलेरिया संबंधित शिकायत नहीं होगी। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान शत-प्रतिशत फाइलेरिया की दवा का सेवन कर हाथीपांव से बचा जा सकता है। फाइलेरिया की दवा खाली पेट नहीं खाना है। फाईलेरिया की दवा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी को खाना चाहिए एवं जिन्हें फाइलेरिया के लक्षण हो या ना हो, जिससे भविष्य में फाईलेरिया रोग से बचा जा सकता है एवं शहर में पनप रहे परजीवी का नाश हो सकें और सभी नागरिक फाईलेरिया के भय से निजात पा सकें।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 25 जनवरी से 21 फरवरी तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह दिसम्बर 2023 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 25 जनवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 3 फरवरी को डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये राम मंदिर बी.एन.सी.मिल के पास में व ठा.प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये ठा. प्यारेलाल स्कूल में, 5 फरवरी को लालबहादुर शास्त्री वार्ड नं.18 व वर्धमान नगर



वार्ड नं. 19 के लिये आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 05 में, स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिये पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में एवं कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 व रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिये आंगनबाड़ी सतनामी पारा कौरिनभाठा में, 8 फरवरी को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिये पार्षद कार्यालय मोहारा में एवं 9 फरवरी को मोहड़ वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय मोहड़ में शिविर का आयोजन किया गया है।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह नवम्बर 2023 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावें।

# कारपोरेटर्स व उद्योगपतियों के उद्योगों की गतिविधियों पर नियंत्रण जरूरी

सामूहिक विकास योजनांतर्गत विभिन्न श्रेणी के उद्योगों को उद्योगवार फंड आवंटन एक्सपर्ट या राज्य या जिला एक्सपर्ट एप्राईजल कमेटियों के द्वारा सामूदायिक विकास हेतु आवंटित किया जाता है। इसी के साथ, शर्तें व मार्गदर्शन भी दिया जाता है। ताकि, विकास मद की राशि का दुरूपयोग न हो। लेकिन सामाजिष्ठ आवश्यकता, पर्यावरण, आर.एण्ड.आर. योजना पर आधारित सामूहिक विकास योजनाओं के मूल्यांकन, आर.एण्ड.आर योजना, पर्यावरण प्रबंधन योजना के आधार पर किया जाता है। शर्तों में कि प्रस्तावित गतिविधियों परियोजना के आसपास के प्रभावित क्षेत्र तक ही सीमित रखना है। इन सम्पूर्ण गतिविधियों पर परियोजना के रूप में मानकर उनकी मानिटरिंग की जानी है। मॉनिटरिंग रिपोर्ट, अर्ध-वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट के एक भाग के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय को और जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की जानी रहती है।

जिला कलेक्टर जिले की आवश्यकता के अनुसार गतिविधियों को जोड़ा या हटा भी सकते हैं। स्वीटजरलैण्ड के देवोस में चल रहे ``वर्ल्ड-इकानामिक फोरम'' में ``आक्सफाम'' की रिपोर्ट चौंकाने वाली है। सरकार की अल्ट्रारीय टैक्स पालिसीज भी उनके लिए लाभदायक साबित हो रही है। वे टैक्स की भी चोरी कर रहे हैं। अपने कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं। इसी के साथ राज्य की कार्यवाही का ``निजीकरण'' भी कर रहे हैं। याने कि, देश की जनहितकारी कार्यों को भी अपने मनमर्जी अनुसार चला रहे हैं। इसी के साथ, टैक्सेसन के विरूद्ध जाकर कारपोरेट टैक्स में बहुत बड़ा घाटा दिखाते है। साल दर साल पद घाटा बढ़ता जा रहा है। कारपोरेटर्स की पूंजी-सम्पत्ति दिन दूनी-रात चौगुनी बढ़ रही है। वे देश के विभिन्न राज्यों में अपने उद्योग का विस्तार कर रहे हैं। समय की मांग है कि कारपोरेटर्स व उनकी गतिविधियों की मानिटरिंग कर नियंत्रण करना जरूरी है।

**राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में कारपोरेट मेसर्स एबीस एक्सपोर्ट (इ) प्रा.लि., ग्राम-अमलीडीह तहसील डोंगरगांव में स्थित है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 5 वर्षों में सामुदायिक विकास योजनांतर्गत कार्यकर व्यय की गई राशि कार्य विवरण अनुसार निम्नलिखित है-**

1. शिक्षा (2012-13)में 25,67681 रु. व 2013-14 में 49,85,350 रु. व्यय की गई।

2. वृक्षारोपण में वर्ष 2013-14 में 51,450 रु. राशि व्यय की गई थी।

3. स्वास्थ्य (2013-14)में 27,915 रु. राशि व्यय की गई थी। ''सूचना का अधिकार'' तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार **''एबीस एक्सपोर्टस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड आई.बी कारपोरेट हाउस, ग्राम इंदामारा, पोस्ट-पेण्ड्री, जिला-राजनांदगांव के मदवार कार्य का विवरण व व्यय राशि सी.एस.आर में निम्नानुसार है-**

1. प्राथमिक शिक्षा का प्रोत्साहन वर्ष 2021-22 में व्यय की गई राशि 456.52 व वित्तीय वर्ष 2022-23 31-01-2023 तक में 425 लाख की राशि व्यय की गई थी।

2. स्वास्थ्य मद में वर्ष 2021-22 में व्यय की गई राशि 48.48 लाख रूपय थी

3. ग्रामीण विकास मद में वर्ष 2021-22 में 5 लाख एवं वर्ष 2022-23 में 31-1-2023 तक 2.03 लाख रूपय व्यय होना बताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कम्पनी के द्वारा ऐसे समस्त स्थानों में सी.एस.आर. राशि व्यय की गई है, जहां पर कम्पनी का उद्योग संचालित है।

# 45 दिनों के अंदर कीजिए एमएसएमई उद्यमियों का भुगतान, नहीं तो भरना पड़ेगा टैक्स

राजनांदगांव (दावा)। केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाई (MSME) को बड़ी राहत दी है। इसके अनुसार 45 दिनों के अंदर एमएसएमई उद्यमियों का भुगतान करना होगा।

अगर ऐसा नहीं किया गया तो वह आपकी आय में जुड़ जाएगा और आयकर स्लैब के अनुसार उसमें टैक्स देना होगा। जानकारों का कहना है कि सरकार ने ऐसा नियम इसलिए लाया है, क्योंकि पहले भुगतान के लिए छोटी कंपनियों को काफी भटकना पड़ता था। बड़ी-बड़ी कंपनियां अपनी सुविधा के अनुसार भुगतान करती थीं। इसके चलते एमएसएमई उद्यमियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### निर्माता का एमएसएमई सेक्टर में रजिस्टर्ड होना जरूरी

कर विशेषज्ञों का कहना है कि इसमें शर्त केवल यह है कि कोई भी सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाई (एमएसएमई) रजिस्टर्ड होना चाहिए। एमएसएमई उद्यमी अगर रजिस्टर्ड है तो उसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि उसका भुगतान 45 दिनों के अंदर करना ही होगा। छोटी इकाइयों के लिए यह काफी फायदेमंद नियम साबित हो रहा है।

### भुगतान में है विवाद तो यह है नियम

अगर विवाद को लेकर किसी भी प्रकार से कोई विवाद चल रहा है तो उस स्थिति में 45 दिनों के अंदर भुगतान करना आवश्यक नहीं है, लेकिन जैसे ही इस विवाद का निपटारा हो जाता है, उस दिन से लेकर 45 दिनों के अंदर भुगतान करना होगा।

### 180 दिन के अंदर करना होगा भुगतान

बताया जा रहा है कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) में यह प्रविधान है कि क्रेता व्यापारी द्वारा अगर माल का भुगतान 180 दिनों में नहीं किया जाता है तो उसका रिवर्स इनपुट टैक्स क्रेडिट (आरआइटीसी) हो जाता है। इससे उसे आइटीसी का लाभ नहीं मिलता है।

### ऐसे समझें

अगर एक एमएसएमई उद्यमी ने अपना माल किसी दूसरे संस्थान, एजेंसी या किसी विभाग को सप्लाई किया है तो उस एमएसएमई निर्माता का भुगतान 45 दिनों के अंदर इन्हें करना ही होगा। साथ ही अगर मार्च माह में माल खरीदा है तो उसका भुगतान भी उसी वित्तीय वर्ष में करना होगा। नहीं तो उस पर टैक्स देना पड़ेगा।

### समय पर मिलेगा छोटी कंपनियों को भुगतानः हर्ष जैन

चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्ष जैन का कहना है कि इस व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि बड़ी कंपनियां अब छोटी कंपनियों का भुगतान नहीं रोकेंगी। अब तक ऐसा होता था कि बड़ी कंपनियां महीनों तक भुगतान रोक देती थी। इसका लाभ एमएसएमई की उन्ही कंपनियों को मिलेगा, जो रजिस्टर्ड होंगी। इसके लिए ईकाई मालिक बिल पर अपना एमएसएमई नंबर भी डालना शुरू कर सकते है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमियों के लिए यह नियम काफी फायदेमंद है।

# रेल्वे पुलिस ने गुमा हुआ पर्स महिला को दिलाया



राजनांदगांव (दावा)। आज 4 फरवरी को एक लेडीज पर्स रेलवे पुलिस को रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के पास चेकिंग के दौरान मिला जिसे प्लेटफॉर्म ड्यूटी रात कर्मचारी आरक्षक महेश भूआर्य द्वारा लाकर चौकी में जमा किया गया, जिसमें 5960 नगद एवं लिफाफे में 1100 रु. अलग से रखा हुआ था कुल 7060 रुपए मिला।

जिसे प्रार्थीया श्रीमती संजू चोपड़ा के द्वारा फोन से सूचना देने पर सुपुत्र प्रणय चोपड़ा द्वारा चौकी उपस्थित होकर हैंड पर्स के बारे में बताया गया, हैंड पर्स को सही सलामत उनके बेटे प्रणय चोपड़ा को सुपुर्द किया गया व पावती लिया गया।







# नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री रामजी भारती का भाजपा कार्यकर्ता करेंगे स्वागत अभिनंदन

**भारती मां बम्लेश्वरी का दर्शन कर लेंगे आशीर्वाद, भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह**



डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा डोंगरगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक रामजी भारती को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त करने से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। श्री भारती को भाजपा प्रदेश महामंत्री बनाए जाने से कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों में जमकर आतिशबाजी कर अपने खुशियों का इजहार किया।

पूर्व विधायक श्री भारती के महामंत्री बनने पर शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, पाड़ादाह मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, घुमका मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगढ़, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील जैन, प्रकाश चौरड़िया, महेंद्र भाई पटेल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, पन्नालाल बाफना, कुलवंत कक्कड, मलिखाम कोसरे, प्रकाश यादव, मोहम्मद गौस, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, कचरू साहू, मनोज नेताम, शहर भाजपा महामंत्री राकेश अग्रवाल, महामंत्री लखन जंघेल, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, राजकुमार द्विवेदी, परविंदर सिंह मोंटी, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नागेन्द्र परिहार, सरफराज नवाज, डीकेश राव, सौमित्र सोनी, विवेक मोनू भंडारी, वीरेंद्र साहू, डीकेश राव, ज्योति बड़वाईक, प्रिंस कक्कड़, उपकार साहू, शहर अनीता इंदुरकर, वात्सल्य श्रीवास्तव, सुमन पांडे, नम्रता चौहान, अनिल सिन्हा, हरीश मोटघरे, सुमित ताम्रकार, एस.पी. मिश्रा, मुकेश रामटेके, दुर्गेश साहू, गुरविंदर सिंह भाटिया, संगीता राजपूत, गीता दुबे, गंगाधर साहू, पूरन वर्मा, गिरीश साहू, जितेंद्र गेंडरे, श्याम तिवारी, राजेंद्र जंघेल, छबील साहू, मुरली गेडाम, पंकज अग्रवाल, जयंत साहू, रेखराज साहू, आवेश निगम, हेमलाल वर्मा, देवेंद्र साहू, रामाधार ओझा, गिरवर साहू, तामेश्वर साहू, अमित बोस, मनीष चक्रवर्ती, धीरज शर्मा, अशोक दास साहू, कन्हैया अग्रवाल, आदित्य मिश्रा, सावंन टेंबुरकर, कविता यादव, ओमप्रकाश साखरे, इंद्राणी यादव, हेमलता तिवारी, जसबीर चौहान, मनीष दरगढ़, राहुल नामदेव, विनय बंसल, दीपक यादव, वासु कवडे, ऋषभ रजक, जयकांत सिन्हा, आकाश जंघेल सहित शहर व ग्रामीण के हजारों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री रामजी भारती का महामंत्री बनने के बाद प्रथम डोंगरगढ़ आगमन हो रहा है। शहर मंडल द्वारा उनका स्वागत कार्यक्रम बनाया गया है। दोपहर 12.30 बजे मुसरा में स्वागत, 12.45 बजे बेलगांव में स्वागत, 1 बजे धुसेरा में स्वागत, 1.15 बजे अछोली में स्वागत, 1.30 बजे करबला चौक खैरागढ़ रोड डोंगरगढ़ में स्वागत, 1.45 बजे नीचे मंदिर दर्शन व 2.30 बजे बुद्ध विहार कालकापारा में पूजा अर्चना, दोपहर 3:00 बजे जयस्तंभ चौक, दोपहर 3:15 के गुरुद्वारा बुधवारी पारा, दोपहर 3:45 बजे गोल बाजार, दोपहर 4:15 बजे मान होटल चौक में स्वागत के उपरांत रामजी भारती के निवास पटेल वार्ड नंबर 17 में स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। सभी वरिष्ठगण, सभी पार्षदगण, सभी मंडल एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, सभी बूथ अध्यक्षगण एवं समस्त श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, महामंत्री भाजपा शहर मंडल राकेश अग्रवाल, संतोष राव की ओर से उपस्थिति की अपील की गई है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com